हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 18 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

10 युकांइयों ने अवैध खनन पर कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन



11 धमधा महाविद्यालय में क्ले कार्यशाला का आयोजन







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### मार्केट में अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

**भिलाई।** पचास वर्षीय अधेड का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि गुरुवार की सुबह जनता मार्केट पद्मनाभपुर में प्रेस दुकान के पास 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ पुरुष का शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल मरचूरी भेज दिया। मृतक का रंग सांवला, दाढ़ी मूछ ,बड़े-बड़े बाल है। मृतक शर्ट, जैकेट, मटमैले रंग का पेंट पहन रखा है। बाये हाथ की कलाई में तांबे का चूड़ा व दाहिने हाथ की कलाई में रबड़ का ब्रेसलेट पहना हुआ था। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त पुलिस नहीं कर पाई है। शव के फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर घुसकर किया मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** गाली गलौज मारपीट की सूचना पुलिस को देने पर घर घूसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 329(4), 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि गांधी नगर भिलाई तीन निवासी ट्रक चालक सुरेश पटेल को नेहरू नगर भिलाई 3 निवासी अतिक खान ने डॉयल 112 वाहन घर क्यों भेजते हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित से मारपीट कर घायल कर दिया। 26 दिसंबर को ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज अपने से सुरेश गया हुआ था। शाम 3-4 बजे बेटी शिमरन पटेल दुध लेने दुकान आई थी। वापस घर आते समय अतिक का बेटा हनी खान शिमरन से रास्ते में अनाप शनाप बात किया। बेटी ने इसकी जानकारी पीड़ित को दी। जिसके कारण डॉयल 112 को काल कर घटना की सूचना देने पर वाहन पहुंची थी। दोनो पक्षों के बीच मे बात हुई 7 जनवरी की रात अपने घर पर पीड़ित आग ताप रहा था। तभी अतिक खान घर पर आया और घर में डॉयल 112 किस लिए भेजा कहकर मारपीट करना शुरु कर दिया। घटना में दाहिना पैर घुटना के पास गर्दन पर चोट आई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है।

परीक्षा : 20 हजार 545 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

# प्री बोर्ड का पेपर स्कूलों में पहुंचा, 20 से होगी दसवीं-बारहवीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दसवीं-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयार जिला शिक्षा विभाग ने पूरी कर ली है। प्रश्नपत्र का वितरण शुक्रवार को कसारीडीह स्थित पुराना डाइट प्रशिक्षण केंद्र से किया गया। केंद्राध्यक्ष स्कूल के ही प्राचार्य हैं। इसलिए संस्था प्रमुखों द्वारा उनके प्रतिनिधि वितरण केंद्र में पहुंचे। यहां से प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया। दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के स्कूलों के लिए अलग-अलग विडों की व्यवस्था की गई थी। यहां से प्रश्नपत्र बांटे गए।

### टोकन सिस्टम से बांटे केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र

प्रश्नपत्र लेने के लिए स्कूलों से बड़ी संख्या में संस्था प्रतिनिधि पहुंचे थे। सुबह 11 बजे प्रश्नपत्र का वितरण हुआ लेकिन इसके पहले ही वितरण केंद्र में शिक्षकों की भीड़ जमा हो गई। मौजूदा हालात से निपटने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा टोकन सिस्टम से प्रश्नपत्र वितरण की व्यवस्था की गई। शिक्षक पहुंचते गए और उस हिसाब से टोकन वितरण किया गया। जिसका टोकन नंबर आता उन्हे विडों से कतारबद्ध होकर प्रश्नपत्र लेते रहे। प्रश्न पत्रों को स्कूल के लॉकर में सुरक्षित रखा गया है। जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन प्रश्न पत्र के पैकेट खोले जाएंगे और कक्ष में वितरण करेंगे।



### 20 हजार 545 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

दुर्ग जिले में दसवी और बारहवीं के 30 हजार 563 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें सरकारी स्कूलों के 20 हजार 545 विद्यार्थी प्री बोर्ड की परीक्षा देंगे। दसवी के 11 हजार 706 और बारहवीं के 8 हजार 939 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों के 10 हजार 18 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा के लिए स्कूलों को ही केंद्र बनाया गया है।

### विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं ने तैयार किए हैं प्रश्नपत्र

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक दसवी-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं द्वारा तैयार किया गया है। इसमें ज्यादातर व्याख्याताओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रश्नपत्र तैयार करने की समिति के सदस्य भी रहे हैं। इन व्याख्याताओं द्वारा बोर्ड पेटर्न में प्रश्नपत्र बनाए गए हैं। जिससे कि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में किस तरह के सवाल पूछे जाते हैं उसका लाभ मिल सके।

### महीनेभर से ऐसे चली प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी

जिला शिक्षा विभाग ने दसवी और बारहवीं के विद्यार्थियों को प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी तीन महीने पहले से ही करवाना शुरू कर दिया था। इसके लिए विभाग ने प्रश्नबैंक बनवाया। इस प्रश्नबैंक में पिछले 15 सालों में बोर्ड परीक्षा में आने वाले प्रश्न थे। इन प्रश्नों को विद्यार्थियों को कैसे हल करना है इसके गुर सिखाए गए। प्रश्नों के अंक के हिसाब से परीक्षार्थी को कितना लिखना है यह जरूरी जानकारी दी। जो प्रश्न सरल हो उसे पहले हल करना बताया। किस भाग से कितने प्रश्न आ सकते हैं और उसे कितने शब्दों में हल करना चाहिए, कितना समय उत्तर लिखने में दें आदि महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों का उपलब्ध करवाई गई है।

### दोपहर 12 बजे से 3.15 बजे तक होगी परीक्षा

कक्षा दसवीं

| तिथि | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| 20 जनवरी | तृतीय भाषा- संस्कृत (090)व्यावसायिक आर्गनॉइज्ड रिटेलिंग (901), इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (302), आटोमोबाईल-सर्विस टेक्नीशियन (903), हेल्थ केयर (904). एग्रीकल्चर (905) मिडिया एण्ड इंटरटेनमेंट (906), टेली कम्यूनिकेशन (907), बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस (908), मयूटी एण्ड वेलनेस (909), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (910) |
| 21 जनवरी | विज्ञान |
| 22 जनवरी | प्रथम भाषा- हिन्दी (070) |
| 23 जनवरी- | द्वितीय भाषा- अंग्रेजी, (080) |
| 24 जनवरी - | सामाजिक विज्ञान (300) |
| 27 जनवरी- | गणित (100) |

बारहवीं

| तिथि | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| 20 जनवरी- | अंग्रेजी |
| 21 जनवरी- | संस्कृत (030/830), रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट (951), इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (952), आटोमोबाईल सर्विस टेक्निशियन (953) हेल्थ केयर (984) एग्रीकल्वर (955) मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट (956). टेलीकम्यूनिकेशन (957), बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्युरेस (960), म्यूटी एण्ड वेलनेस (950) इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवयर (960) |
| 22 जनवरी - | भूगोल (102), भौतिक शास्त्र (201) रसायन (202), पशुपाल दुग्ध प्रौद्योगिकी मतस्य एवं कुट पालन (430) आहार एवं पोषण (एज एण्ड न्यूट्रीशन) (610) |
| 23 जनवरी- | हिन्दी (010/810) |
| 24 जनवरी- | इतिहास (101) शरीर क्रिया (फिजियोलॉजी एंड फर्स्ट एड (420) |
| 27 जनवरी - | राजनीति विज्ञान (103), रसायनशास्त्र, लेखा शास्त्र |
| 28 जनवरी- | समाज शास्त्र (104), गृह विज्ञान कला |
| 29 जनवरी- | गणित (204/804), जीव विज्ञान औद्योगिक संगठन के मूल तत्व (410), विज्ञान के तत्व (531), कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, विज्ञान के तत्व, गृहविज्ञान कला |

### प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

दसवी -बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रश्नपत्र भी संबंधित विद्यालयों में पहुंच गया है। 20 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। प्रश्नपत्र सब्जेक्ट एक्सपर्ट लेक्चरारों से तैयार करवाया गया है। परीक्षा के रिजल्ट के हिसाब से मुख्य बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाएंगे।

**अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

कैम्प-2 स्थित बैकुठधाम की घटना

## गैस सिलेंडर में हुआ विस्फोट कैटर्स गोदाम में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गैस सिलेंडर के विस्फोट से कैटर्स और कैटरिंग के गोदाम में आग लगने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर तुरंत दमकल की टीम पहुंची। हादसे के बाद कैंप क्षेत्र में हडकंप मच गया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की जागरुकता के चलते आग पर काबू पाया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक कैंप 2 बैंकुंठ धाम जेपी नगर चौक में स्थित महादेव कैटर्स नाम से संचालित एक कैटरिंग दुकान(गोदाम) है। जहां शनिवार शाम करीब 6 बजे गोदाम में पड़े एलपीजी गैस सिलेंडरों में अचानक विस्फोट हो गया। घटना में 6 सिलेंडर फटेने की जानकारी है। आगजनी की जामकारी लगने पर छावनी पुलिस अपनी टीम के साथ पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था को अपडेट करने में लग गई। तुरंत फायरब्रिगेड की टीम को खबर देने पर तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने कड़ी मशक्कत की गई। आग इतनी भीषण है कि दमकल कर्मियों को आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आगजनी की घटना में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कैटरिंग चलाने वाले संचालक गौरव केसरवानी के मुताबिक दिल्ली से कैटरिंग का सामान मंगवाया था। हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया। कैटरिंग दुकान के भीतर कुल 8 सिलेंडर रखा गया था। जिनमें से 6 सिलेंडर एक के बाद एक कर विस्फोट हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दुकान में काम चल रहा था। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लोगों की भीड़ उमड़ी

गोदाम में सिलेंडर का विस्फोट होने की आवाज से अचानक आग लग गई और बस्ती के लोग बाहर आकर आगजनी को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।भीड़ को किसी तरह पुलिस ने काबू किया और फायर ब्रिगेड के दमकल वाहन को दुकान के पास पहुंचाया गया। दमकल कर्मियों के मुताबिक कैटरिंग दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट तुरंत बाद सूचना मिल गई थी।

### सिलेंडर में हुआ विस्फोट

“ आगजनी की सूचना पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग पर मशक्कत के बाद काबू पाया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सिलेंडर में विस्फोट होने से आगजनी होने की खबर है।

**-चेतन चंद्राकर**
प्रभारी छावनी थाना

## वाहन की ठोकर से साइकिल सवार की मौत, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार से लापरवाही पुर्वक वाहन चलाते हुए चालक ने सायकिल सवार को ठोकर मार दी घटना में मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 3 अहिवारा निवासी डॉक्टर कोसरे अपने सायकल से अहिवारा बायपास रोड की ओर जा रहा था। संडी मोड के पुलिया के पास बायपास पर अज्ञात वाहन के चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में डाक्टर कोसरे को सिर में गंभीर चोट आई। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर शव को अस्पताल भेजा गया जहां पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया गया। गौरतलब हो कि नंदिनी थाना क्षेत्र में लगातार हादसा होने से ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोलकर रख दिया है। ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा सप्ताह लगातार चल रहा है। इसके बावजूद भी तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम नहीं कसा जा रहा है।

ठेका कंपनी ने की 26 लाख रुपए की धोखाधड़ी, मोहन नगर थाने का मामला

## कोर्ट के आदेश से रेलवे अधिकारियों व ठेका पार्टनर के खिलाफ जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठेका श्रमिकों ने नाम पर फर्जी तरीके से ठेका कंपनी ने एडवांस राशि का लोन लेकर श्रमिकों को कम वेतन देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस दौरान मुख्य न्याय दंडअधिकारी के आदेश पर मोहन नगर पुलिस ने रेलवे के आला अधिकारियों व ठेका कंपनी के खिलाफ 26 लाख 23 हजार रुपए के भुगतान को लेकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने जांच के बाद ठेका कंपनी का पार्टनर, रेलवे अफसरों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि परिवादी ग्राम नवागांव धमधा निवासी मानसिंह सिन्हा न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पुनित राम गुरूपंच के यहां दायर किया था। जिसमें ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस यात्रा के दौरान यात्रियों को साफ सफाई की व्यवस्था का ठेका डायनामिक इंटरप्राईजेस दुर्ग को मिला था। जिसका कार्यालय मालवीय नगर दुर्ग में है। जिसे ठेका जुलाई 2018 को मिला और ट्रेन में सफाई के लिए ठेका श्रमिकों को काम पर रखा था। जिसमें पार्टनर के रुप में एसपी मीना, डीएमई कार्यालय डी आर एम दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर एक के सेनापति, तत्कालीन सीडीओ रेलवे आचार्य, सीडीओ (कोच डिपो आफिसर)राम नारायण साहू के द्वारा ठेखा श्रमिकों के खाते में रुपए ट्रांसफर किए गए थे काफी कम था। पार्टनर ने ठेका श्रमिकों को 26 अगस्त 2018में राशि 7466 रुपए वेतन मिला। लेकिन साधारण रजिस्टर में अधिक वेतन लिख कर हस्ताक्षर कराया जाता था। जिसका विरोध करने पर डायनामिक इंटरप्राईजेस दुर्ग द्वारा ठेका श्रमिकों को काम से निकाल दिया जाता था। जबकि परिवादी लगभग 7 माह तक जुलाई 2018 से जनवरी 2019 तक उक्त कंपनी में काम करता रहा। आरोपी द्वारा फर्जी बिल वाउचर बनाकर रेलवे को पेश कर अन्य श्रमिकों का वेतन गबन करता था। इस दौरान आरटीआइ के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के कार्यालय से आरोपी एसपी मीना की कंपनी द्वारा रेल्वे विभाग में जमा दस्तावेज को प्राप्त किया गया। जिसमें चारों आरोपीगण मिलकर षडयंत्र रच कर फर्जी लोन का स्टॉलमेंट से जुड़े दस्तावेजों प्राप्त होने पर पता चला कि श्रमिकों को कम वेतन देना पडे और श्रमिको से लिये गये एडवांस राशि 26 लाख 23 हजार 776 रुपए का आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार किया। जबकि श्रमिकों किसी भी प्रकार को कोई भी एडवांस राशि नहीं दी गई थी।

▪ ट्रेन सफाई के लिए डायनामिक कंपनी को दिया गया था ठेका

मामला धमधा थाना क्षेत्र का

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही भारी वाहन ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम परसदापार ग्राम बोरी निवासी शीतल पटेल ने शिकायत किया है कि अपने दोस्त वेदराज साहू, टाकेश निषाद, त्रिलोचन निषाद, दिलीप साहू के साथ पेशी में ग्राम परसदा पार से एसडीएम न्यायालय धमधा आया था। पेशी के बाद वेदराज साहू के साथ बाइक सीजी 07 सीके 5723 में सवार होकर धमधा से ग्राम परसदापार जा रहे थें। इस दौरान श्रीबालाजी ट्रेडिंग के सामने दुर्ग बेमेतरा मेन रोड बसनी चौक के पास पहुंचते ही वाहन आयचर सीजी 07 बीपी 6264 के चालक ने लापरवाही पुर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में वेदराज साहू के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौक पर ही मौत हो गई। पीड़ित शीतल पटेल के बायें हाथ के पंजा बायें गाल में बायें पैर घुटना में चोट आई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया है। पीएम के बाद ही शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। घटना की सूचना मिलने पर वेदराम के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

## चारों जोन में सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन ग्राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के चारो जोन में बनेगा व्यवस्थित, सुसज्जित बैडमिंटन ग्राउण्ड। निर्माणाधीन बैडमिंटन ग्राउण्ड के स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी के साथ पहुंचे। निर्माण के दौरान क्या-क्या बनाया जाएगा। किस प्रकार की सुविधा होगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये। विनीता वर्मा द्वारा बताया गया कि बैडमिंटन ग्राउण्ड में स्टोट्रफ्स, चारों तरफ फैसिंग, नायलोन नेट, एलईडी फ्लड लाईट लगेगा। जिसमें



खिलाड़ी खेलेगे, प्रेक्टिस करेगे। बैडमिंटन ग्राउण्ड मल्टीपरपज होगा, आवश्यकता के अनुसार खिलाड़ी नेट बाल, बैट प्रेक्टिस फुटबाल आदि कर सकेगें। चारो तरफ नेट लगाया जाएगा, इससे बाल या बैडमिंटन का कौग इत्यादि बाहर नहीं जायेगा। अच्छे ढंग से प्रेक्टिस होगा, एलईडी लाईट लग जाने से रात्रि में भी दिन जैसा उजाला होगा। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक में 4 जोन क्षेत्र में बैडमिंटन ग्राउण्ड का निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण विचारार्थ रखा गया था। जिसे परिषद के सदस्यों ने उक्त कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया था। उसी के आधार पर खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। जो इस प्रकार से जोन-1 नेहरू नगर वार्ड क्रं. 05 में वाहन शाखा के उत्तर दिशा में नेशनल हाईवे के समीप निगम की रिक्त भूमि, जोन-2 वैशाली नगर वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पीछे सियान सदन के बगल में रिक्त भूमि, जोन-3 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 56 निगम द्वारा निर्मित घासीदास उद्यान के अंदर सेक्टर 2 एवन्यू सी रोड पर एवं जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार वार्ड क्रं. 49 श्री राम चैंक खेल मैदान के अंदर पूर्व दिशा के किनारे बैडमिंटन ग्राउण्ड निर्माण किया जायेगा।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप




### गोंडवाना गौरव सम्मान से नवाजे गए दिलीप ठाकुर

दुर्ग। केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अंतर्गत कंचन ध्रुवा देवालय सिविल लाइन में अमर शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गोंडवाना समाज के सक्रिय और उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य क्षेत्र से जुड़े और उल्लेखनीय भूमिका के लिए सम्मानित हुए। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर को मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह गोंडवाना गौरव से सम्मान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गोंडवाना समाज के अध्यक्ष एमडी ठाकुर, सीताराम ठाकुर आदि मौजूद रहे। गत दिवस दिलीप ठाकुर मदर टेरेसा सम्मान से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत

दुर्ग। दुर्ग नगर विधानसभा में वार्ड 54 पोटियाकला दईहान के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी नपानि दुर्ग आयुक्त द्वारा की जाएगी।

**कार्रवाई : आर्थिक लेन-देन की राज्य शासन से हुई शिकायत, रायपुर से पहुंची टीम**

# मनमाने अटैंचमेंट की जांच शुरू डायरेक्टर की टीम ले गई दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर के अनुमोदन पर सीएमएचओ द्वारा विगत दिनों जिला अस्पताल के दर्जनभर नर्सो का संलग्नीकरण कर दिए जाने के मामले ने तूल पकड लिया है। इस मामले के बाद अब तक किए गए जिलेभर में अटैंचमेंट की जांच शुरू हो गई हैं। कर्मचारी संघ द्वारा राज्य शासन से किए गए शिकायत पर जांच टीम बैठ गई है। शुक्रवार को रायपुर से आए तीन सदस्यों की टीम ने साढे पांच घंटे बंद कमरे में अफसरों को बयान लिया। इस मामले में राशि के लेन देने की भी शिकायत की गई है। माना जा रहा है कि, इस मामले में आगे बढी कार्यवाही हो सकती हैं।

जानकारी अनुसार सीएमएचओ डां मनोज दानी ने 26 दिसंबर को एक आदेश जारी किया था। संलग्नीकरण किए गए दर्जनभर नर्सो और एक डाक्टर से बगैर पक्ष लिए यह कहकर पत्र जारी किया गया था कि, जीवनदीप समिति ने उन्हे जांच रिपोर्ट दी थी। जिसमें कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी का अनुमोदन लेकर संलग्नीकरण किया गया था। इस कार्यवाही को एकपक्षीय बताकर विगत दिनों बहुउदेश्यीय कर्मचारी संघ ने छग शासन को पत्र भी लिखा था। हांलाकि एक नर्स ममता शर्मा हाईकोर्ट चली गई थी। उनके याचिका पर कोर्ट ने सीएमएचओ का आदेश स्टे कर दिया था। जिसके बाद कुछ नर्स ने ज्वाइनिंग ले ली हैं। इधर 17 जनवरी 2025 को संघ के शिकायत पर जांच शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को डॉ संजीव बोहरा, डीएचओ, कार्या. मु. चिकि. एवं स्वा.अधि. जिला रायपुर, दिलीप कुमार बंजारे, सहायक साख्यिकी अधिकारी और स्वतंत्र कुमार सोनी, सहा. ग्रेड दो ने साढे पांच घंटे सीएमएचओ कार्यालय में बयान लिया हैं।

**खास बातें**

- जीवनदीप समिति ने नर्सो की ड्यूटी में लापरवाही का दिया था हवाला
- ज्वाइन डायरेक्टर ने की टीम गठित, अटैंचमेंट के दस्तावेज खंगाले गए

**शुक्रवार को बंद कमरे में रायपुर की टीम ने दर्ज किया बयान**




### सात दिन के अंदर मांगी रिपोर्ट

संघ द्वारा जीवनदीप समिति के रिपोर्ट और कलेक्टर के अनुमोदन में सीएमएचओ द्वारा किए गए कार्यवाही पर सीधे आरोप लगाए है। उन्होने इस मामले में लेन देन की भी लिखित शिकायत की है। इस गंभीर मसले को लेकर संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जांच टीम गठित की है। वहीं 7 दिवस के अन्दर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष वीएस राव का कहना है कि, जांच टीम आई थी। उन्होने हमारे शिकायत पर जांच शुरू कर दिया हैं।

### मनमाने अटैंचमेंट का भी खुलासा

होईप्रोफाइल हो चुके इस मामले में जांच करने आई टीम ने संग्लनीकरण की भी जानकारी खंगाली है। पता चला है कि, वर्तमान में राज्य शासन द्वारा अटैंचमेंट पर रोक लगाई है। इसके बाद भी सीएमएचओ द्वारा पाटन, धमधा और निकुम में 70 से अधिक लोगों का अटैंचमेंट किया है। जांच टीम ने इन सभी दस्तावेज को अपने साथ ले गई हैं। पिछले कई दिनों से डाक्टरों का भी अटैंचमेंट किए जाने की शिकायत सामने आते रही हैं।

### जांच की गई

ज्वाइन डायरेक्टर ने टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए है। उसी के आधार पर दुर्ग में जांच के लिए आए थे। अटैंचमेंट से संबंधित दस्तावेज लिए गए है। रिपोर्ट भेजी जाएगी। **-डां संजीव बोहरा,** डीएचओ रायपुर

# युकांइयों ने अवैध खनन पर कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतमाला परियोजना के आड में ठेकेदारों द्वारा आसपास के किसानी जमीन की जमकर अवैध खनन किए जाने के मामले में युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होने कार्यवाही नही होने पर प्रधानमंत्री और ग्रामीण विधायक का पुतला दहन करने की चेतावनी दी हैं। दुर्ग ग्रामीण में मुरूम के अवैध उत्खनन को लेकर 40 से अधिक युवा कांग्रेसियों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में विरोध जताया। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बन रहे सिक्स लेन सड़क जो भारत माला परियोजना के नाम से ठेकेदार मे. मेहहोत्रा बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड (एम.बी.पीएल) पता इण्डस्ट्रीयल स्टेट रीवा रोड सतना (म.प्र.) द्वारा बनाया जा रहा है। उक्त ठेकेदार द्वारा कोलिहापुरी, हनोदा, चंदखुरी, क्षेत्र में तालाबों और नालो को अवैध मुरूम खोदकर जान लेवा खाई बना दिया था, जिस पर कोई कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा नही की गई। उक्त कंपनी का मैनेजर एवं सुपरवाईजर से पूछे जाने पर यह कहता है कि, दिल्ली से कलेक्टर को आदेश है। जहां चाहे वहां खोदेगे कोई भी दिक्कत पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा नहीं आएगी। ज्ञापन में उल्लेख है कि वर्तमान में ग्राम अण्डा के सीमा क्षेत्र में किसानों के खेतों व शासकीय भूमि को खोदा जा रहा है। इस दौरान जिला महासचिव दीपांकर साहू, कय्यूम खान, सूरज पारधी, तुषार वर्मा, अनिल देशमुख, सागर पारधी, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा,पंकज सिंह, हेमंत साहू,राहुल साहू, रोहन ताम्रकार, यश सोनी, हर्ष साहू, राहुल कुमार, उपेन्द्र, राहुल यादव, अमन कुमार, कैलाश, चमन साहू, ईशु साहू, डेविड, डैमेण्ड देशलहरे, राहुल देशमुख, राजू साहू, विकाश साहू, जानेंद्र उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री और विधायक का पुतला फूंकने की चेतावनी

## डोमशेड व वार्ड 22 में सामुदायिक भवन की सौगात, किया भूमिपूजन

दुर्ग। विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्ड 21 में सड़क की स्थिति को दुरुस्त के साथ ही बड़ा डोमशेड कार्य की सौगात दी। वार्ड 19 में भी दुर्गामंच के पास डोमशेड बनाने वार्ड के नागरिकों संग भूमिपूजन किये। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा वार्ड 22 के नागरिकों की सामुदायिक भवन बनाने की लंबित मांग थी, जिसे पूरा करने आज भूमिपूजन किया गया। साथ सीमेंटीकरण सड़क बनाने 12 लाख की स्वीकृति शासन से मिली है। वार्ड 19 में दुर्गा मंच के पास विधायक श्री यादव ने तीन माह पूर्व किये घोषणा को पूरा करने 20 लाख की राशि से डोमशेड की स्वीकृति दिलाये है। इसी प्रकार वार्ड 21 अंतर्गत आशा नगर और सिंधिया नगर में सड़क नाली को दुरुस्त करने 30 लाख तथा भगत सिंह स्कूल के सामने मैदान पर 10 लाख की राशि से 3200 स्क्वायर फिट एरिया में डोमशेड लगेगा। तितुरडीह में इस मैदान पर शेड लगने के साथ ही मंच भी बनेगा। इस दौरान पार्षद अरुण सिंह, कांशीराम कोसरे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, अजीत वैद्य, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, बंटी शर्मा, उमेश यादव, कृष्णा निर्मलकर, सुरेश दीक्षित, अभिषेक टंडन सहित बड़ी संख्या वार्डवासी उपस्थित रहे।



## संक्रांति संस्था ने बांटे फल और लड्डू



दुर्ग। छत्तीसगढ़ जन कल्याण संस्थान द्वारा मकर संक्राति के उपलक्ष्य में ग्राम कोड़िया में ग्रामीणो को तिल डड्डू वितरण किया गया। संस्थान के सदस्य आनंद निषाद का जन्म दिवस मनाया गया तथा ग्रामीणो को फल वितरण किया गया। जिसमे सम्मिलित छ.ग जन कल्याण संस्थान प्रदेश संयोजक राम कृष्ण यादव प्रदेश अध्यक्ष दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, महासचिव जय प्रकाश राय, कोषाध्यक्ष अनिल ठाकुर, मीडिया प्रभारी अश्वनी बांधे, प्रवक्ता भोजराम यादव, प्रभारी विरेन्द्र ठाकुर, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, महिला जिला अध्यक्ष चंचल ठाकुर, रायपुर जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, बालोद जिला अध्यक्ष रोशन जोशी, सदस्य अखिलेश साहू, सुषमा यादव, कुलेश्वर निषाद, कुलेश्वर साहू, नीरज यादव, धन्नू गंधर्व सोनी गंधर्व डेवीड बांधे आदि थे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

बालोद। भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद के तत्वावधान में व नगरीय निकाय चुनाव के प्रभारी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व पूर्व बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष यशवंत जैन के सौजन्य से नगर पालिका बालोद क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले नागरिकों के लिए भिलाई के डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण किया जाना है। यह एक दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर 18 जनवरी को दोपहर 11 बजे से 2 तक कबीर मंदिर के पास शिकारी पारा बालोद में लगाया जाएगा।

## 270 कट्टा धान जप्त, धमधा मण्डी को किया गया सुपुर्द

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों में फर्जी, अवैध धान की बिक्री रोकने सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विगत 16 जनवरी को ग्राम मातरा में राजेश साहू के ब्यारा के समीप अवैध धान संग्रहण की मौखिक सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार धमधा ने खाद्य निरीक्षक धमधा के साथ संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया। मौका जांच में ब्यारा मालिक द्वारा अपने धान के संबंध में टोकन एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। ब्यारा के समीप ही 270 कट्टा धान अवैध रूप से पाये जाने पर जप्ती कार्यावाही के दौरान संजय राजपूत द्वारा 270 कट्टा धान स्वयं का होने का दावा किया गया किन्तु मौके पर इसके संबंध में कोई वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। वैध प्रमाण या दस्तावेज के अभाव में उक्त 270 कट्टा धान को निरीक्षण टीम द्वारा मण्डी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए, धमधा मण्डी को सुपुर्द किया गया है।



## निगम प्रशासक ने शहर भ्रमण कर निर्माण कार्यों व साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

दुर्ग। कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी शहर भ्रमण पर निकले। दो घण्टे तक शहर के मुख्य जगहों पर पैदल चल कर सफाई व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर सुमीत अग्रवाल, सहायक कलेक्टर एम भार्गव भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने सुबह सुबह नगर भ्रमण करके शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने चर्च रोड होते हुए गौरव पथ मार्ग से जेल चौक सुआ चौक वार्ड क्रमांक 46 अटल प्रतिमा परिसर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मे बाधित अतिक्रमणकर्त्ता को नोटिस देकर हटवाने की कार्रवाही करें। वही सफाई कार्य का निरीक्षण डोर टू डोर कलेक्शन, नाली सफाई, जीवीपी सड़क सफाई इत्यादि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड का भी निरीक्षण किया।



### 27 जनवरी से 3 फरवरी तक होगी विभागीय परीक्षा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन गृह सी विभाग विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा 27 जनवरी से 03 फरवरी तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। दुर्ग संभाग में विभागीय परीक्षा हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है।

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बीआईटी के प्राचार्य को पत्र जारी कर इस वर्ष भी विभागीय परीक्षा संचालन हेतु 27 जनवरी से 03 फरवरी तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 4 कक्ष आरक्षित कर परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने कहा है। साथ ही की गई व्यवस्था के संबंध में कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग को सूचित करने कहा है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला-दुर्ग**

**आम सूचना**

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 12/12/24 के आदेशानुसार आवेदक श्री संतोष कुमार साहू आ. स्व. गणेश राम साहू निवासी दुर्ग ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 43/27 रकबा 0.0230 हे. का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 20/01/25 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 15/01/2025

राजस्व निरीक्षक
तहसील, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक Q रा. नि. 2023, रिसाली
दिनांक:15/01/2025
प्रति,
आवेदक/आवेदिका- मन्टोरा साहु/स्व. मूलचंद साहु सीमावर्ती भूमिस्वामी
1. एस. के हेडक
2. जी. के. साहु
3. एम. व्ही बीजु
4. आई के वाधवानी

विषय- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम- रिसाली, प.ह.न. 49 रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 420/156 रकबा 0.460 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1276 वाचक/ना. तह. 2022/ दुर्ग, दिनांक 1/1/2025 के परिपालन में दिनांक 24/1/2025 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202412100700035/**
**विषय- अ-27 सन :- 2024-25**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
सिकोला प.ह.नं.- 00017 [43/21 (0.0180 हे.)]
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार - रंभा रुखमणी साहू**
**अनावेदक पक्षकार - रुखमणी बाई ध.प. गिरधारी लाल रम्भा ध.प. सुखराम**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुखमणी साहू ध.प. गिरधर लाल साहू, निवासी- कन्हैयापुरी, कसारीडीह, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- सिकोला, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.-43/21 रकबा 0.018 हे. भूमि जो कि आवेदिका एवं सहखातेदार के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को आपसी सहमति के आधार पर बराबर-बराबर हिस्सों में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्रस्तुत करने पर विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षण एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.01.2025 को जारी किया जाता है।

Prafull Kumar Gupta
तहसीलदार
तहसील - दुर्ग
मुहर







नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### किरण सिंह देव पुनः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**अंडा।** विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात कर पुनः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी। वहीं विधायक ललित ने कहा कि निश्चित ही आपके अनुभवी नेतृत्व में संगठन को पुनः अधिक सुदृढ़ता प्राप्त होगी। आपके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और दोगुनी ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर जन-जन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

### चुनकट्टा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**सेलूद।** न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब चुनकट्टा व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चुनकट्टा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का महासंग्राम 2025 का आयोजन 19 जनवरी से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच भूषण सिंह सोनवानी होंगे। अध्यक्षता दिव्या कलिहारी जिलाध्यक्ष बीजेपी महिला मोर्चा एवं उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग विशेष अतिथि डॉ. मानसिंग यादव सेलूद हॉस्पिटल, अजय सिंह राजपूत पूर्व पंच एवं समाजसेवी चुनकट्टा आदि होंगे। प्रवेश शुल्क मात्र 500 रु रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 12001 रु नगद व वीनर ट्रॉफी, द्वितीय 7001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी, तृतीय 5001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी व चतुर्थ पुरुस्कार 3001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य विशेष पुरुस्कार भी रखे गए है।

### मानसगान व रामधुनी सम्मेलन आज से

**अंडा।** ग्राम रसमड़ा में 18 एवं 19 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान एवं रामधुनी सम्मेलन रखा गया है।

### नारधी में रामायण व मंडई का आयोजन 26 से

**सेलूद।** ग्राम नारधी में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से जयहिंद नवयुवक मंडल के तत्वावधान में 36वां वर्ष दो दिवसीय रामायण व मंडई महोत्सव का आयोजन किया गया है। 26 जनवरी को सुबह 11 बजे से रामायण प्रतियोगिता का आयोजन होगा व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 27 जनवरी को किया जाएगा। साथ ही भव्य मंडाई के साथ रात्रि में दूरदर्शन कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम रंगरासिया उत्तर बस्तर कांकेर की प्रस्तुति होंगी। पुरस्कार वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग, हर्षा लोकमणी चंद्राकर पूर्व जनपद अध्यक्ष पाटन व जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, घनश्याम कौशिक जनपद सदस्य पाटन, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष उत्तर पाटन, कोमल वर्मा अध्यक्ष सहकारी समिति बटंग होंगे। उपरोक्त जानकारी जयहिन्द नवयुवक मंडल नारधी के अध्यक्ष अरविन्द पाल ने दी है।

## निधन

### नीलिमा बनर्जी

**भिलाई।** मैत्री कुंज निवासी नीलिमा बनर्जी उम्र 89 का 17 जनवरी को सेक्टर 9 अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी को रिसाली मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे हिन्दू मिलन मंदिर भिलाई के अध्यक्ष अतनु बनर्जी एवं कृष्णा मौइत्रो की मां एवं अरूण व सौरभ की दादी थीं।



### पुखराज चोपड़ा

**भिलाई।** ग्राम सिर्राभाठा निवासी सेवानिवृत्त अकाउंटेंट डाक विभाग पुखराज चोपड़ा उम्र 62 वर्ष का निधन 17 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम सिर्राभाठा में 18 जनवरी को सुबह 11.30 बजे होगा। वे स्व. धनराज चोपड़ा के पुत्र थे।



## विधायक ने अंजोरा ख व थनौद में विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

# विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के लक्ष्य को लेकर भाजपा सरकार आगे बढ़ रही: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

### विधायक ने पूजा-अर्चना कर किया भूमिपूजन व लोकार्पण



ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) व थनौद में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विकास कार्यों की सौगात के तहत खोखमा तालाब सौंदर्यीकरण, आबादी क्षेत्र की विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण लागत 4.30 लाख, पंचायत भवन के पास पेवर ब्लॉक कार्य लागत 3.60 लाख, उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कला मंच पर छत ढलाई लागत 2.00 लाख तथा सार्वजनिक मंच में डोम शेड निर्माण लागत 10.00 लाख शिवाजी चौक से सतनामी मोहल्ला तक सीसी रोड निर्माण लागत 10 लाख, शीतला मंदिर से डुबान बाट नदी किनारे तक नाली निर्माण कार्य लागत 2.90 लाख रूपये का भूमिपूजन व लोकार्पण किया एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर इन विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए क्षेत्र के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है। इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले एक साल में हमारी विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है। इस साल छत्तीसगढ़ में धान की फसल अच्छी हुई है। 3100 रुपए क्विंटल के दाम से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है। अभी किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है, शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। हमारी सरकार राज्य के गरीब परिवारों को पांच साल तक निःशुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को हमने चार हजार रूपये से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा नये सर्वे में अब हितग्राहियों की मासिक आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। हितग्राही अब स्वयं भी अपने आवास हेतु मोबाइल एप के जरिए आवेदन और सर्वेक्षण कर सकते हैं।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच संगीता माखन साहू, पूर्व अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सभापति राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष तीरथ यादव, मदन देशमुख, छगन यादव, नन्द कुमार यादव, लेखराम साहू, जागेश्वरी देशमुख, उपसरपंच डीलेश्वरी देशमुख, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, नवनिर्वाचित सोसायटी अध्यक्ष दिलीप देशमुख आदि उपस्थित थे।

### निकुम कॉलेज के नये भवन का किया लोकार्पण

**निकुम।** ग्राम निकुम में नवनिर्मित स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय निकुम कॉलेज का लोकापर्ण में मुख्य अतिथि विधायक व उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर व पुकेश्वर सिंह भारदीय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश साहू व अतिथियों के हाथों विधिवत पूजा-अर्चना कर महाविद्यालय परिसर को सौंपा। ,वही ग्राम पंचायत के विकासकार्यो का भी लोकापर्ण कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि निकुम कॉलेज अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में नये युग की शुरुआत हुआ है, बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा मिले यह प्रयास रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, सरपंच मुक्ति सुधाकर, अंडा निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महांमत्री पुराण देशमुख, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष भैय्यालाल साहू ,सांसद प्रतिनिधि मनोज चन्द्राकर, कालेज प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र, हीरालाल, पवन देवांगन सहित कॉलेज स्टाफ, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




# धमधा महाविद्यालय में क्ले कार्यशाला का आयोजन

**धमधा।** स्थानीय चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा में वैल्यू एडीशन कोर्स के अंतर्गत 10 दिवसीय क्ले कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामर्थ ताम्रकार एलुमनी अध्यक्ष एवं जनभागीदारी सदस्य थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उषा किरण अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय धमधा ने किया। कार्यशाला के प्रशिक्षक एवं क्ले कला में महारथ द्रोण निषाद है। मुख्य अतिथि सामर्थ ताम्रकार ने इस कार्यशाला का महाविद्यालय में आयोजन करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होनें कहा कि महाविद्यालय में 103 ग्राम के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। उनका कौशल विकास होगा और इस कार्यशाला से वे आत्मनिर्भर होंगे। कौशल कभी बेकार नहीं जाता वह कभी भी जीवन में काम आता है। इसलिए छात्र-छात्राएँ इस कला को भली भांति सीखे।




# प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ नगर पालिका कुम्हारी के वार्डों में लगाया जा रहा कैंप

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा शहरी गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए नगर के प्रत्येक वार्डों में अलग-अलग कैंप लगाकर आवेदक हितग्राहियों से 452 फॉर्म प्राप्त हुए जिसमें 250 से ज्यादा फॉर्म की ऑनलाइन एंट्री की जा चुकी है और निरंतर मिशन मोड में एंट्री की जा रही है। उक्त योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के मंशा अनुरूप नगर के वार्डों में निवासरत गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए पालिका कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक वार्डों में कैंप आयोजित कर पात्र हितग्राहियों से आवेदन लिया गया है और उनका ऑनलाइन एंट्री भी किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने पात्र हितग्राहियों से अपील किया कि वे स्वयं कार्यालय उपस्तिथ होकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का ऑनलाइन आवेदन कर सकता है जिसके लिए नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 का हेल्प डेस्क काउंटर हितग्राहियों की सुविधा हेतु कार्यालय में स्थापित किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के लिए 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निकाय क्षेत्र में रहवासी होना अनिवार्य है तथा परिवारों के समस्त सदस्यों का आधारकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, सक्रिय बैंक पासबुक, माता पिता यदि जीवित है तो उनका आधारकार्ड अन्यथा सिर्फ नाम , जमीन दस्तावेज, वार्षिक आय 3 लाख से कम होने का प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संगलन करना है, जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त कर दिया गया है।

## बिजनेस साइट

### आरोग्यम में 10 वर्षीय बच्चे की किडनी की पथरी का जटिल उपचार

**भिलाई।** शहर के प्रसिद्ध स्वास्थ्य केंद्र आरोग्यम हॉस्पिटल में एक 10 वर्षीय बच्चे की किडनी में अटकी पथरी का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। अत्याधुनिक दूरबीन पद्धति से दर्द रहित, डॉक्टरों ने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए पथरी को पूरी तरह निकाल दिया, जिससे बच्चे को बड़ी राहत मिली। आरोग्यम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि बच्चे को कमर के बाएं हिस्से में दर्द और पेशाब में जलन की समस्या थी। जांच में पता चला कि उसकी किडनी में 12.9 mm की पथरी फंस गई थी, जिससे दर्द हो रहा था। डॉक्टरों ने उन्नत दूरबीन तकनीक और मिनिमली इनवेसिव प्रोसीजर के माध्यम से पथरी को सफलतापूर्वक निकाल दिया। बच्चे के माता-पिता ने आरोग्यम हॉस्पिटल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विश्वास नहीं था कि इतने कम समय में हमारे बच्चे की समस्या हल हो जाएगी। डॉक्टरों ने जिस तरह से इलाज किया, वह वाकई सराहनीय है। आरोग्यम हॉस्पिटल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने कहा, हमारी कोशिश रहती है कि मरीजों को बिना चीरा लगाए और बिना दर्द के सर्वोत्तम इलाज मिले। इस केस में भी उन्नत तकनीक का उपयोग कर पथरी को सफलतापूर्वक हटाया गया। आरोग्यम हॉस्पिटल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्नत चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से जटिल स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान संभव है।



### स्वदेशी खादी महोत्सव में 10 से 20 प्रतिशत तक दी जा रही छूट




**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित स्वदेशी खादी महोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी राज्यों के शिल्पियों व कारीगरों की दस्तकारी हुई है एवं गर्म कपड़ों की वैरायटियां भिलाई इन दिनों काफी चर्चा में है। क्योंकि यहां कश्मीर से कन्याकुमारी तक की हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं का नयाब कलेक्शन एक ही छत के नीचे 80000 से अधिक वैरायटीयों के लिए जहां आकर्षण का केंद्र बना है। वहीं काफी किफायती दामों पर ऊलेन और गर्म कपड़ों का बाजार सजा हुआ है, जो ग्राहकों को अमूमन अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। इसके साथ ही साथ प्रदर्शनी में खादी वस्त्र, खादी कुर्ती, बनारसी सिल्क साड़ी, पसमीना साल-साड़ी एवं सूट, जयपुरी मुखवास, सहारनपुर फर्नीचर, बंगाल के जुट बैग, राजस्थान की मोजड़ी चप्पल, इमिटेशन ज्वेलरी के साथ-साथ बहुत सारी वेराईटियों का एक अनुपम संग्रह जहां क्रमशः 10% से लेकर 20% तक की छूट के साथ दी जा रही है। यह नजारा भिलाईवासियों के लिए एक विशेष सुनहरा आकर्षक मौका नव वर्ष का तोहफा के रूप में अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्रदर्शनी सीमित दिनों के लिए लगाई गई है, जो सुबह 11 बजे से लेकर रात्रि के 10 बजे तक संचालित किया जाता है। प्रदर्शनी में खादी कुर्ते, कुर्तियां, लेगिंस, टॉप, घाघरा, साड़ी, सूट, कश्मीरी साड़ी व शाल, भागलपुरी सूट साड़ी, लखनवी चिकन सूट, बनारसी साड़ी व सूट, पिलखुवा बेड सीट, सोफा कवर, जुट बैग, ज्वेलरी, चूड़ी व कंगन, क्रॉकरी, मुखवास, कंज्यूमर सहित सैकड़ों वैरायटियों का विशाल संग्रह एक ही छत के नीचे शहर वासियों के लिए होली के अवसर पर एक विशेष पारिवारिक प्रदर्शनी/बिक्री लगाई गई है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से रात्री के 10 बजे तक है।

# नगर पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ बैठक में 16 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई

आगामी नगर पंचायत चुनाव के परिप्रेक्ष्य में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आहुत की गई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेश बघेल के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कोसरे की भी उपस्थिति रही। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि विगत 5 वर्षों में पाटन नगर का जो सर्वांगीण विकास हुआ है वह इसलिए उल्लेखनीय है कि विगत 100 वर्षों में ऐसा विकास नहीं हुआ और ना ही भविष्य में कोई संभावना है, क्योंकि प्रदेश की सरकार पाटन नगर पंचायत विकास कार्यों के लिए राशि नहीं भेज रही है। कार्यकर्ता गण पूरे मनोबल के साथ मतदाताओं के पास जाकर यह बात उनके मानस पटल पर बिठाएं। आत्मानंद सभागार में आयोजित उक्त बैठक में 16 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। चुनाव संचालन समिति में 16 सदस्यों की तैनाती हुई। रूपरेखा यह बनी है कि शीघ्र वार्ड वार बैठकों का आयोजन करके मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत देवांगन ने आह्वान किया कि विधानसभा चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति की जाए। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निर्मल कोसरे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, जवाहर वर्मा, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, योगेश शर्मा, बलदाऊ भाले, कामिनी धुरंधर, आभाष दुबे, मनीष देवांगन, शंकर नाग आदि उपस्थित थे।

### अतुल पर्वत ने चिरंजीवी से की मुलाकात

**भिलाई।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेताओं में से एक मेगा स्टार चिरंजीवी से दिल्ली प्रवास के दौरान अतुल पर्वत ने सौजन्य मुलाक़ात की व मकर संक्रांति एवं पोंगल पर्व के विशेष अवसर की बधाई दी। अतुल पर्वत ने कहा कि चिरंजीवी न केवल फिल्म जगत में अपनी अद्भुत अभिनय क्षमता के लिए जाने जाते हैं, बल्कि समाजसेवा और जनहित के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। चिरंजीवी जी जैसे महान व्यक्तित्व से मिलने का यह अवसर मेरे लिए प्रेरणादायक रहा । राजधानी दिल्ली में इस मुलाकात के दौरान उन्हें अपनी संस्था भिलाई कैन्डू पर्वत फॉउंडेशन के बारे में भी बताया, साथ ही हर वर्ष मेरी संस्था द्वारा हिन्दू नववर्ष छत्तीसगढ़ में मनाया जाता है इसकी भी जानकारी दी।



## अंचल की खबरें

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटी सामग्री



**अंडा।** सक्षम जन फाऊंडेशन द्वारा सेवा कार्य समय-समय पर दिव्यांगों बुजुर्गों की सेवा की जाती है इसी कड़ी में पुलगांव दुर्ग के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कंबल चप्पल जरूरत के समानों का वितरण किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने उनका अनुसरण सभी सदस्य करते हैं सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा सेवा के साथ आश्रम में पहुंच बुजुर्गों के साथ समय भी देते हैं उनके साथ समय बिताए जिससे उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो उनके मनोरंजक के लिए गीत संगीत का आयोजन किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन, गुरु देव, सचिव हरि सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा, पूजा, संरक्षिका सुमन ठाकुर, नीमा पनरीया, कुणाल, मोना, रानी, खुशबू सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंच बुजुर्गों के साथ समय ओर खुशियां बांटी। जिससे बुजुर्गों ने अपना मकर संक्रांति त्योहार धूमधाम से मनाया।

### अकतई में विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत अकतई (चारभाठा, रीवागहन) में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। आयोजित लोकार्पण समारोह में अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर, नीलकंठ शुक्ला महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस, भेष आठे जोन प्रभारी, अमित अग्रवाल सहसचिव ब्लॉक कांग्रेस, किशोर चंद्राकर सेक्टर प्रभारी के आतिथ्य में 49 लाख रुपए के कार्य लोकार्पित हुआ। जिसमें समरसता भवन अकतई, सामुदायिक भवन चारभाटा, सामुदायिक भवन आदिवासी रिवागहन, कलमंच सहकक्ष खेल मैदान अकतई, अतिरिक्त कक्ष अकतई, जिप निधि से सिंटेक्स टंकी पंप सहित विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। स्वागत भाषण सरपंच मोहिनी साहू आभार सचिव कामता पटेल ने किया। इस अवसर पर चेतन साहू, कमलेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, सुनील बमबोड़े, नोहर साहू, नीलांबर ठाकुर, रतन ठाकुर, प्रताप ठाकुर, लक्की ठाकुर, परस साहू, जीधन ठाकुर, खुमान ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, योगेश ठाकुर, मीना साहू, नीरा निषाद पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### छात्राओं को सैनेट्री पैड का निःशुल्क वितरण

**अंडा।** शाउमावि अंडा दुर्ग में कक्षा 7 वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्राओं को अनुभूति श्री फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अनुभूति श्री फाउंडेशन अध्यक्ष एवं संस्थापक डिंपल कौर, खुद की तकलीफ़ से 2 साल जूझते हुए, सीख ली और इस कार्य को सेवा रूप में करने का संकल्प लिया। अपने जीवन के अनुभवों को एकत्रित कर 'अनुभूति श्री फाउंडेशन' का गठन स्वयं किया। अब तक संस्था 8.5 लाख से ज्यादा सैनेट्री पैड का निःशुल्क वितरण कर चुकी है। साथ ही साथ महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर अलग क्षेत्रों में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जाता है। संस्था अब 4 राज्यों में अपनी सेवाएं दे रहीहैं। छत्तीसगढ़ पैड वुमन कहा जाता है। पीरियड संबंधी बच्चों को जानकारी दी गई क्यों आता है क्यों आना चाहिए कैसे अच्छे पैड का इस्तेमाल करें और 100 फ्री पैड बांटे गए। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, हिमा साहू, अनुरमा शुक्ला आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### किरण देव से मुलाकात कर दी जानकारी

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य मुलाकात कर सामाज के गतिविधियों के बारे में अवगत कराया है। इस दौरान राम कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए सामाज द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही समाज के लोगों को आगामी निकाय चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को टिकट देने की मांग की है।



### कृष्णा-रुक्मणी विवाह प्रसंग में झूम उठे श्रद्धालु

**सेलूद।** ग्राम अचानकपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में पंडित नागेंद्र महाराज ने कहा कि, प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की आवश्यकता है। इस दौरान कृष्ण-रुकमणी की सजीव झांकी सजाई गई तथा संगीतमय भजनों पर महिला श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर जमकर झूमी। उन्होंने बताया कि ग्वाल कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ाए तब भगवान विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा नरेश के रूप में विराजमान होने के साथ देवी रूकमणी से धूमधाम से विवाह किया। श्रीहरि के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा।



### रेखा ने की भाजपा से अध्यक्ष पद की दावेदारी

**उतई।** नगर पंचायत उतई वार्ड क्रं 3 निवासी रेखा साहू भाजपा के सक्रिय सदस्य ने पति रोहित साहू ने भाजपा से नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू के पास अपना बायोडाटा देकर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की। रोहित साहू ने बताया कि अभी वर्तमान में दुर्ग जिला मंत्री के पद में हैं तथा दक्षिण पाटन में मंडल प्रभारी व सहसंयोजक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पद में रहते हुए पिछले लगभग 20 सालों से भाजपा की सेवा कर रहे हैं। इस वजह से भाजपा से टिकट मिलने की अपार सभवना है और हम अपेक्षा भी रखते हैं।



## खबर संक्षेप

### बीएसपी को मिला गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में इस्पात उद्योगके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड (जीपीएचआरईए)- 2024 राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोल्डन पीकॉक सचिवालय ने बीएसपी को गोल्डन पीकॉक के हॉरिज़ेंटल और वर्टिकल लेआउट में जारी लोगो को अपने दस्तावेजों में प्रयोग करने के लिए अधिकृत भी किया है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और टीम को आगामी 6 और 7 फरवरी को मुंबई में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया गया है। सचिवालय को गोल्डन पीकॉक अवाड्र्स के लिए 441 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 172 आवेदन 3-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए। सीएसआर मानव संसाधन प्रबंधन और नवाचार प्रबंधन के क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक मूल्यांकन समिति का गठन आवेदनों की गहन समीक्षा हेतु किया गया। प्रत्येक संबंधित व्यावसायिक क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले संगठन को जूरी के अंतिम निर्णय के लिए सिफारिश की गई।

### प्रमोशन पालिसी में बड़ा बदलाव, एमओयू रेटिंग का 25 नहीं 50 प्रतिशत जुड़ेगा

# सेल अधिकारियों को बड़ा साहब बनने के लिए अब करना होगा लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के अफसरों को अब बड़ा साहब बनने के लिए जटिलतम प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रमोशन के लिए लंबा इंतजार तो तो करना ही होगा,साथ ही पदोन्नत होने की राशि आर्डर के बाद मिलेगी।

- डीजीएम से ऊपर के पदों के लिए करनी होगी आठ माह प्रतीक्षा

इस अवधि का उनका पैसा प्रबंधन बचा लेगा। सबसे ज्यादा पेंचीदगी सहायक महाप्रबंधक से ऊपर ग्रेट के प्रमोशन के पात्रों को होगी। सेल की प्रमोशन पालिसी में बदलाव का खामियाजा अधिकारियों को भुगतना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस्पात मंत्रालय के सुझाव पर सेल ( स्टील आथारिटी आफ इंडिया लि.) ने सेल के अधिकारियों की प्रमोशन पालिसी में बदलाव कर दिये हैं। नियमों में बदलाव से अधिकारियों में चिंता है। प्रमोशन पालिसी में किए गए बदलाव से अब प्रमोशन के लिए अधिकारियों को अपने एचओडी के बजाए सीध सेल कार्पोरेट आफिस के रहमोकरम पर निर्भर रहना पड़ेगा। अब अधिकारियों के प्रमोशन पालिसी में एमओयू की रेटिंग का 50 प्रतिशत अंक जुड़ेगा। अभी तक ई- 7 (जीएम से ऊपर) रेटिंग का 25 प्रति. ही जुड़ता था। अब इसे ई- 5 (एजीएम) में इंप्लीमेंट किया जाएगा। सेल से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रमोशन पालिसी में बदलाव से ई-1 (असिस्टेंड मैनेजर) से ई- 4 (सीनियर मैनेजर) तक प्रमोशन 30 जून तक हो जाएंगे। ई-5 से ऊपर यानी डीजीएम, जीएम, सीजीएम व ईडी के प्रमोशन के लिए अब रेटिंग का इंतजार करना होगा। यानी पदोन्नति पाने के लिए 8 से 10 महीने लगने के आसार हैं।

### एचओडी अब सौ नहीं मात्र पचास प्रतिशत मार्क्स ही दें सकेंगे

#### एचओडी का आधा अधिकार सेल के पास

बीएसपी या सेल अन्य यूनिटों के अधिकारियों के प्रमोशन में उनके एचओडी की बड़ी भूमिक होती थी। लेकिन पालिसी में बदलाव के बाद अब उनके इस आधे अधिकार को शीर्ष प्रबंधन ने अपने पास रख लिया है। अभी तक एओडी प्रमोशन के लिए निर्धारित 100 प्रतिशत अंक में अपना मार्क्स देते थे। लेकिन अब मात्र 50 प्रतिशत अंक में ही अपने मार्क्स देंगे। यह 50 फीसदी मार्क एमओयू रेटिंग पर होंगे। यानी प्रमोशन का शक्ति केंद्र बीएसपी नहीं सेल दिल्ली होगा। प्रमोशन लेट होने से प्रभावी तारीख तो 30 जून ही होगी लेकिन पदोन्नति से बढ़ी राशि का लाभ प्रमोट अधिकारी कोआर्डर के बाद मिलेगा। इस दौरान का एरियर्स नहीं मिलेगा, उच्च प्रबंधन उतना पैसा बचा लेगा।



#### डीजीएम से ऊपर के अधिकारी प्रभावित

उल्लेखनीय है कि प्रमोशन के लिए एमओयू रेटिंग सरकार देती है,जिसमे कंपनी को गुड, बेटर व बेस्ट का परफार्मेंस मिलता है। प्रमोशन पालिसी में परिवर्तन से ई -5 के ऊपर के पद के प्रमोशन के लिए अभ्यर्थी अधिकारी अधिक प्रभावित होंगे। उन्हें अब महीनों की लेटलतीफी के साथ प्रमोट एमाउंट के लिए भी प्रतीक्षा करना होगा। अधिकारियों में सबसे बड़ी चिंता इस बात बताई जा रही है कि प्रमोशन के लिए उन्हें अपनी यूनिट के एचओडी से अधिक सेल के अधिकारियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। प्रमोशन पालिसी में बदलाव को सरकार के पीएसयू पर कसते शिकंजे से जोड़कर देखा जा रहा है।

## इस्पात कर्मियों के मुद्दों पर एसडब्ल्यूएफआई में मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस्पात कर्मियों के आधूरे वेतन समझौता के एमओयू सहित ज्वलंत मुद्दों को लेकर स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (इस्पात उद्योग में सीटू संबद्ध यूनियनों का फेडरेशन) जल्द अभियान चलाएगा। मामले में कर्मियों को जागरुक करने के साथ सेल प्रबंधन और सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। फेडरेशन के पदाधिकारी समिति की कोलकाता में हुई बैठक में यह ह निर्णय लिया गया कि एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं करने के कारण को लेकर पुनः अभियान चलाया जाएगा। 21अक्टूबर 2021 की बैठक में सीटू/एसडब्ल्यूएफआई के प्रतिनिधियों का स्पष्ट रूख था कि 39 महीने के एरियर्स की देयता को लेकर कोई चर्चा नहीं हो सकता, सिर्फ एरियर्स के भुगतान किश्त को लेकर चर्चा हेतु सीटू तैयार था। सीटू नेता एसपी डे ने बताया कि बैठक में आरआईएनएल को वेतन समझौते से अलग रखने पर भी सीटू ने किया था कड़ी आपत्ति जताई औरठेका श्रमिकों के लिए भी एमओयू में कुछ प्रावधान नही रखने पर भी सीटू को कड़ी आपत्ति थी। बैठक में 39 महीने के एरियर्स सहित वेतन समझौता के अन्य लंबित मुद्दे तथा उन मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष के बाद बनी स्थिति को लेकर चर्चा हुई। फेडरेशन ने अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस विषय सर्वसम्मति से यह दोहराया गया कि बकाया वेतन कर्मियों का अधिकार है, इस पर किसी तरह का कोई मोल भाव नहीं हो सकता। बकाया वेतन समझौता संपन्न करने की मांग को लेकर 28 अक्टूबर 2024 को हड़ताल में शामिल कर्मियों पर इस्को में की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं भिलाई में उनके साथ किए जा रहे भेदभाव पूर्ण जैसे पदोन्नति से वंचित रखने, नेहरू अवार्ड में चयनित होने के बाद नाम काट दिए जाने तथा गुणवत्ता समूह के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेने हेतु चयनित होने के बावजूद, भाग नहीं लेने देने की घटनाओं को गंभीरता से लिया।



- वेतन एमओयू के लिए चलेगा अवमानना अभियान

## नलिनी श्रीवास्तव के निबंध-संग्रह का विमोचन समारोह आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़-मित्र और वैभव प्रकाशन के तत्वावधान में वरिष्ठ कथाकार एवं लेखिका डॉ. नलिनी श्रीवास्तव के निबंध-संग्रह सांस्कृतिक संचेतना का विमोचन और विमर्श समारोह शनिवार को दोपहर 2 बजे इंडियन कॉफी हाउस हॉल, भिलाई निवास सिविक सेंटर में किया गया है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता साहित्यकार गुलबीर सिंह भाटिया करेंगे। विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा व साहित्यकार आचार्य महेशचंद्र शर्मा होंगे।

## पीएएफआई कप में छग की टीम दिखाएगी दमखम

**भिलाई।** 18 से 19 जनवरी ग्वालियर में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया पीएएफआई पैरा आर्म रैसलिंग कप 2025 मैं 40 खिलाड़ियों एवं



ऑफिशियल का दल छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा । टीम में श्रीमंत झा , परलीन कौर, जी.संदीप कुमार,लकी सोनी, तनुज तिवारी,चंद्रपाल मानिकपुरी, साहिल कुमार, बजरंग पटेल,अनिल निषाद, टिकेश्वर,दिलदार सिंघ, डोमन लाल, गोस्वामी विरजानंद, कमल कुमार, विजय कुमार कौशिक, मिथिलेश कुमार,अजय निषाद सौरव सिंघ, हर्ष कोडियार, किशन लाल,हुलसी मरकाम, तोरण यादव, भीष्म नारायण,राम शरन, मुनिया निषाद, हरिता विश्वकर्मा, प्रकाश पटेल, कुंती दीवार,लकसवनतीन साहू, बाल मोती, बिंदा यादव, होरीलाल यादव, जितेंद्र पाल,राजेंद्र गैहनी, अशोक कुमार पटेल,सविता निषाद, चंद्रशेखर, सावन कुमार, मनीषा धानकर, रानी सीनहा, उमेश्वरी साहू, निशा ओझा, राकेश पटेल, श्रीकांत, अंजू पटेल शामिल हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृजमोहन सिंघ, प्रेसिडेंट जी.सुरेश, जनरल सेक्रेटरी श्रीकांत आदि ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की है।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129



04 देसी जलवा

## लाइव इवेंट

### निखिल ने फ्लाई एश आधारित जियोपॉलिमर कांक्रीट पर किया शोध, मिला सम्मान



**भिलाई।** बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय सेंट्रल यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में एसोसिएट प्रोफेसर निखिल कुमार वर्मा को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की। उन्हें यह उपाधि बुधवार को आयोजित एकादश दीक्षांत समारोह में दी गई। निखिल कुमार वर्मा ने फ्लाई ऐश आधारित जियोपॉलिमर कांक्रीट पर शोध पत्र तैयार किया था। उन्होंने यह शोधपत्र इसी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम चक्रधर राव और प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार के निर्देशन में पूरा किया। दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्थानीय विधायक खास तौर पर मौजूद रहे। समारोह के दौरान उप राष्ट्रपति ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में छात्र- छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे। भिलाई 03, वसुंधरा नगर के निवासी निखिल कुमार वर्मा स्वर्गीय भगवती प्रसाद वर्मा एवं कुसुम लता वर्मा के पुत्र हैं। इस वर्ष 5859 छात्रों को उपाधियां दी गईं।

## सिटी इवेंट

### हमारा संविधान-हमारा सम्मान, संविधान के महत्व और सम्मान पर विशेष प्रतियोगिता



**भिलाई।** एचएससीएल में हमारा संविधान हमारा सम्मान, संविधान का महत्व और सम्मान विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। नराकास स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचलिक प्रमुख निशीथ कांति दास ने की। वंदना चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को संविधान के प्रति जागरूक करना और इसके महत्व को समझाना है। सलाहकार तकनीकी, वीके शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान हमारे देश की आधारशिला है, जो हमें एकता और अखंडता में बांधता है। नराकास के सदस्य कार्यालयों से 61 प्रतिभागियों की इसमें सक्रिय भागीदारी करना सराहनीय है।

#### संविधान हमारे देश की रीढ़, इसे बचाकर रखना होगा

निर्णायक मंडल से सुधीर हरने लेखा परीक्षक ने कहा कि संविधान हमारे देश की रीढ़ है, जो हमें अधिकार और कर्तव्यों के साथ जोड़ता है। इसका सम्मान करना और इसके अनुरूप चलना हमारा नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने संविधान के महत्व को समझाया और इसके प्रावधानों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही प्रतिभागियों को मार्गदर्शन और सलाह भी दी। अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम सौरभ मिश्रा भारतीय डाक विभाग, द्वितीय रामचंद्र अग्रवाल बैंक ऑफ इंडिया भिलाई, तृतीय अंजनी कुमार द्विवेदी भिलाई इस्पात संयंत्र रहे। सांत्वना पुरस्कार अविनाश शर्मा, रविकांत सोनी शाइस्ता सिद्दिकी, नारद साहू, पन्ना लाल सिन्हा को मिला।

### कुकदा स्कूल में बालिकाओं को कराते का प्रशिक्षण, सिखा रहे आत्मरक्षा के तरीके



**भिलाई।** केंद्र सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा लड़कियों को सशक्त एवं आत्मविश्वासी बनाने, संकट से निपटने में सक्षम बनाने के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं में बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुगदा में ब्लैक बेल्टधारी कुशल प्रशिक्षक हरीश साहू द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण से 100 छात्राओं को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर शाला के प्रधान अध्यापक एवं संकुल समन्वयक कौशलेंद्र भारद्वाज, शिक्षक पद्मा देवांगन, तेजेश्वरी साहू, जयंती त्रिपाठी, नीरजा राव, मीना शंभरकर उपस्थित रहे।

**● सिविक सेंटर में चार दिवसीय आयोजन में हर रोज अलग इवेंट, 150 से ज्यादा स्टाल और 900 व्यापारिक संस्थाएं जुटी**

# चेंबर का व्यापार मेला : एआई, ऑटोमेशन, डिजिटल इनोवेशन, हस्तकला फैशन, घरेलू उपयोग के सामानों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में थिरके युवा

**भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव 2025 इन दिनों ट्विनसिटी में मुख्य आकर्षण बना हुआ है। 16 से 19 जनवरी तक आयोजित इस व्यापार मेले में 150 से ज्यादा व्यापारिक स्टॉल लगाए गए हैं। वहीं 900 से ज्यादा व्यापारिक संस्थाएं सहभागिता निभा रही हैं। इस वजह से हर दिन हजारों लोग इस व्यापार मेला में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जा रहा है, जिसमें युवा नाच-गाना करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को भी पूरे दिन कार्यक्रमों का आयोजन किया। व्यापार मेला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इनोवेशन, ऑटोमेशन, हस्तशिल्प कला, फैशन, घरेलू उत्पादों से लेकर अन्य कई संस्थाओं द्वारा स्टाल लगाए गए हैं। व्यापारियों की मानें तो इस महोत्सव ने व्यापारियों, उद्यमियों और ग्राहकों को एक ऐसा मंच दिया है। विभिन्न प्रकार के उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन हो रहा है। यहां स्थापित व्यापारियों के साथ-साथ नए उद्यमियों को भी अपनी प्रतिभा और विचार प्रस्तुत करने का मौका मिल रहा है।**

भिलाई। सम्मेलन के दूसरे दिन उपस्थित वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और स्टार्टअप्स की भूमिका पर अपने विचार रखे। सबसे पहले, अभिजीत शर्मा, सीईओ, एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड स्टार्टअप, ने अपने उद्बोधन में स्टार्टअप्स के माध्यम से रोजगार सृजन और स्थानीय समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एनआईटी रायपुर द्वारा स्टार्टअप्स को सहयोग देने की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की। वहीं, सोमेश शर्मा, फाउंडर, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ और टेकमेंट टेक्नोलॉजी, ने तकनीकी नवाचारों की भूमिका को विस्तार से समझाया और बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन और डिजिटल सॉल्यूशंस स्टार्टअप्स को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखते हैं। सीए श्रीचंद लेखवानी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, ने वित्तीय प्रबंधन और फंडिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि सही पूंजी प्रबंधन और टैक्स प्लानिंग स्टार्टअप्स की सफलता की कुंजी है। इसके साथ, मुकुलधर शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर, एसटीपीआई, ने आईटी सेक्टर में स्टार्टअप्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की। उन्होंने एसटीपीआई द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया।

भूपेंद्र कुमार नेमा, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बीएनआई, भिलाई, ने नेटवर्किंग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यापारिक सफलता के लिए मजबूत नेटवर्किंग आवश्यक है। उनके साथ, प्रशांत माथुर, सीईओ, आईआईटी भिलाई, ने तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान को स्टार्टअप्स की प्रगति में मुख्य घटक बताया। उन्होंने नवप्रवर्तन आधारित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। एमपी स्टेट के चेयरमेन व विजन इन्वेस्ट ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करमबेलकर ने स्टार्टअप्स के महत्व को गहराई से समझाया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैसे नवाचार ने व्यापारिक परिदृश्य को बदला है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स छोटे स्तर पर शुरू होते हैं, लेकिन उनकी सोच बड़ी होती है। यह सोच ही उन्हें अलग बनाती है।



#### चेंबर क्रिएटर अवार्ड और इनफ्लुएंसर मीट

आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर व्यापारिक विकास और तकनीकों पर केंद्रित विशेष वर्कशॉप्स का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को 30 से अधिक स्टार्टअप ने भाग लिया। 18 जनवरी को चेंबर क्रिएटर अवार्ड और इनफ्लुएंसर मीट, जो व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वालों को सम्मानित करेगा। 19 जनवरी यानी समापन के दिन डिजिटल कॉन्फ्रेंस, जिसमें ऑनलाइन उत्पाद बिक्री के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित होगी। आयोजन के हर दिन शाम 6 से रात 11 बजे तक विशेष सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रम हो रहे हैं।

#### मनोरंजन व खानपान की व्यवस्था बनी महिलाओं की पहली पसंद

खाने-पीने के स्टॉल्स ने भी बड़ी संख्या में दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। यहां परोसे जा रहे स्थानीय पकवान और विविध व्यंजन महोत्सव की ऊर्जा को और बढ़ा रहे हैं। लाइव परफॉर्मेंस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी रंगीन बना दिया है। पारंपरिक नृत्य और संगीत कार्यक्रम दर्शकों को बांधने में पूरी तरह सफल रहे। स्टार्टअप सम्मेलन 2025 के दूसरे दिन मेले में 150 से अधिक स्टॉल्स का आयोजन किया गया, जिसमें 900 से अधिक व्यापारिक संस्थाओं ने अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। इनमें टेक्नोलॉजी, कृषि उपकरण, फूड प्रोसेसिंग उत्पाद, हस्तशिल्प और फैशन जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल रहे। टेक्नोलॉजी स्टॉल्स में डिजिटल सॉल्यूशंस और इनोवेटिव उत्पादों का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा भिलाई में 16 से 19 जनवरी तक मध्य भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक आयोजन - व्यापार महोत्सव 2025 किया जा रहा है। यह चार दिवसीय आयोजन व्यापारियों, उद्यमियों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे और व्यापार से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।



**पीएम ने बताए 2047 के विजन**

## भारती विश्वविद्यालय से स्टूडेंट्स ने देखा राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव शो

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संकायों के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। बता दें कि स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जााती है। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 के रूप में भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसमें देशभर के 3000 युवाओं ने सहभागिता दी। इनमें से चयनित सर्वश्रेष्ठ युवाओं को तीन दिवसीय राष्ट्रीय संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने का अनूठा अवसर मिला, जिसमें युवाओं ने विकसित भारत 2047 तक के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं की प्रतिबद्धता एवं योगदान के महत्व को रेखांकित किया।



प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधे प्रसारण का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हाल में किया गया। कार्यक्रम से बड़ी संख्या समस्त संकायों के विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोद ग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने किया।

## राधा कृष्णा मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव आज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगी स्थापना

**दुर्ग।** आर्य नगर दुर्ग में राधा कृष्ण, हनुमान एवं शिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इसमें हजारो की संख्या में आर्य नगर के अलावा दुर्ग शहर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। 18 जनवरी को राधाकृष्ण, शिव परिवार एवं बजरंग बली के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से कराई जाएगी। आचार्य लाखेश्वर पाण्डेय महामृत्युजंय धाम के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 03 दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में राधाकृष्ण समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल, उपाध्यक्ष नवीता शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेन्द्र तन्न, विनय सोनी, महेश भाई टांक, आलोक शर्मा, संतोष मारूती, ईश्वर सोनी, डब्बू शर्मा, छाया सोनी, ज्योति तन्ना सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।



**स्काउट-गाइड्स, रोवर-रेंजर को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण**

## आपात स्थिति से निपटने जंगल, पहाड़ी की ट्रेकिंग, विपरीत परिस्थितियों से निपटने ट्रेनिंग, कैम्प फायर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। भारत स्काउट्स-गाइड्स, रोवर-रेंजर, वरिष्ठ स्काउटर गाइडर के लिए दुर्ग और बेमेतरा की संयुक्त टीम द्वारा ट्रेकिंग सह प्रकृति अध्ययन हाईक का आयोजन किया गया। इसमें जंगलों में 10 किलोमीटर तक पैदल चलने, पहाड़ों की ट्रेकिंग कराई गई। पांच दिवसीय इस अवसर पर आपात स्थिति से निपटने के लिए कई जरूरी प्रशिक्षण भी दिए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दुर्ग संभाग के जेडी आरएल ठाकुर, डीईओ अरविंद मिश्रा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख के नेतृत्व में टीम ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य उपाध्याक्ष सुनीता संजय बोहरा एवं जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव, हर्राठेमा के बीईओ जयसिंग भारद्वाज, सरपंच जितेन्द्र यादव कार्यक्रम में शामिल थे। रानी माई देवी के दर्शन के लिए 8 किमी पैदल हाईक की गई। रात में हर्राठेमा में विश्राम किया गया।



#### 15 किलोमीटर तक पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से होकर गुजरे आदिवासियों से की मुलाकात, उनकी जीवनशैली को समझा

दूसरे दिन टीम ने बेलोदा के लिए प्रस्थान किया। पहाड़, पर्वत होते हुए करीब 15 किमी की दूरी तय की। इस दौरान आदिवासियों और ग्रामीणों से भी मुलाकात की। तीसरे दिन बडंभूम के लिए रवाना हुए। जहां स्काउटिंग के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी ली। भोजन के बाद कैंप फायर में रंगारग प्रस्तुति दी गई। चौथे दिन बडभूम से नारागांव के लिए टीम रवाना हुई, पेटेचुआ जंगल होते हुए टीम सियादेवी मंदिर परिसर पहुंची। जहां दुर्ग जिला के गायत्री परिवार के सदस्य एवं मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधि की उपस्थिति में युवा दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्काउट और गाइड ने जयंती मनाई गई। गायत्री परिवार ने स्कार्फ और मोमेंटो द्वारा स्काउटर गाइडर और बच्चों का सम्मान किया।

#### कैम्प फायर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा

सियादेवी माता रानी के परिसर में भोजन के पश्चात दर्शन करवाया गया। इसके बाद पैदल चलते हुए नारागांव स्कूल में ग्रेड कैम्प फायर रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। पांचवें दिन सुबह सर्वधर्म प्रार्थना सभा में मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, सरपंच शामिल हुए। ध्वजारोहण के बाद स्काउटिगं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद झलमला , गंगा मैया का दर्शन कर टीम लौटी। इस अवसर पर क्वाटर मास्टर नीरज कुमार साहू, सीनियर स्काउटर बीडी वैष्णव, अमित क्षत्री, बालक दास राऊत, फनेन्द लोधी, अमीता हरमुख, देवेंद्र देवांगन, अनिल साहू, कल्पना शुक्ला, रेखा शर्मा, दुर्गेश शुक्ला, रिजवाना शेख, ललिता अम्बाडारे, संजय कुमार कोसले, गौकरण पाटिल, जोगीराम वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, राधा वर्मा, रामेश्वरी साहू, विनिता खलखो आदि मौजूद थे। हर्राठेमा, बलोदा, बडभूम, नारागांव के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सहयोग किया।



## सिटी इवेंट

# लाइफ में सेविंग जरूरी, ये आपके जरुरत के समय में काम आएगी



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय के वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग द्वारा इम्पीरिकल एफएम एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के टीचिंग एवं नॉन टीचिंग कर्मचारियों के लिए स्मार्ट विनियोगकर्ता विषय पर विनियोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं स्मार्ट प्रशिक्षक प्रवीण धुरी एवं मोशन एजुकेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय अशतकर थे। प्रवीण धुरी ने विनियोगकर्ता के निजी हित की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विनियोग का विकल्प चुनने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी भी वित्तीय नियोजन करके ही विनियोग करना चाहिए। संजय अशतकर ने एसआईपी फंड्स में विनियोग की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि वित्तीय नियोजन अपनी सेवानिवृत्ति के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही करना चाहिए। अधिष्ठाता अकादमिक डॉ. देबजानी मुख़र्जी ने वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दी। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सपना शर्मा ने कहा कि विनियोग सदा सोचकर समझकर और गणना करके ही करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक महेंद्र इखार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

- सेंट थॉमस कॉलेज में विनियोग जागरूकता कार्यक्रम में एक्सपर्ट्स ने दिए टिप्स

## सियान सदन नेहरूनगर में महामृत्युंजय महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने दी आहुति

# गलती हो जाए तो झुक जाओ, क्रोध आ जाए तो रुक जाओ विनम्रता न हो तो ज्ञान व्यर्थ, परोपकार न हो तो जीवन

**भिलाई।** सियान सदन नेहरू नगर में आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई द्वारा आयोजित महामृत्युंजय महायज्ञ ने सैकड़ों लोगों ने आहुति दी। कन्या गुरुकुल आम सेना की ब्रह्मचारिणी कन्याओं पूजा आर्या, गीतांजली आर्या, लेखामीनि आर्या, दामिनी आर्या ने वेद मंत्रों का पाठ किया। हेमंत चौहान और प्रिया चौहान ने मुख्य अजमान बनाकर पवित्र अग्नि में आहुति दी। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा-दुख का नाम मृत्यु है और सुख का नाम जीवन है। अंधकार मृत्यु है और प्रकाश जीवन है। सत्य से सत्य की ओर चलने का संकल्प व्यक्ति को संजीवनी देता है। हम सभी को इस बात का प्रयत्न करना चाहिए कि हम वैदिक विद्वानों का संघ करें विनम्र रहे सरल रहे सेवा को अगर अपने जीवन में अपनाएंगे तो जीवन पवित्र बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय वेदकथा का आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि गलती हो जाए तो झुक जाओ क्रोध आ जाए तो रुक जाओ। जीवन का यही महामंत्र है। अगर इस जीवन में अपना लगे तो जीवन में शांति मिल जाएगी। अक्सर व्यक्ति जब क्रोध में होता है तो जल्दबाजी में कदम उठाता है और शास्त्रों में लिखा है कि क्रोध से किया गया कार्य पछतावे में समाप्त होता है। अमृतसर से पधारे भजन गायक दिनेश पथिक ने सुमधुर भजनों से भक्ति का समां बांधा। आर्य समाज के अवनी भूषण पुरंग एवं प्रवीण गुप्ता ने सियान सदन के सभी सदस्यों का स्वागत किया। शांति पाठ एवं भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोए. आपहु शीतल होय

आचार्यों ने कहा कि गन ना हो तो रूप व्यर्थ है, विनम्रता न हो तो ज्ञान व्यर्थ है, परोपकार न हो तो जीवन व्यर्थ है। ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय। औरन को शीतल करे आपहु शीतल होय। आध्यात्मिक व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए कि उसकी वाणी से कोई आहत ना हो। विनम्र वाणी सरल वाणी व्यक्ति को ऊंचा उठाती है। इसीलिए शास्त्र में कहा गया है कि विद्या का फल विनम्रता है। विनम्रता से योग्यता विकसित होती है। योग्यता से धन मिलता है और धन से व्यक्ति भौतिक सुखों को प्राप्त करता है। वाणी का घाव कभी भरता नहीं है। शरीर पर लगा हुआ अस्त्र-शस्त्र का घाव भर जाता हैं, वाणी का घाव कभी नहीं भरता। मुझ में ओम तुझमें सब में ओम समाया। ईश्वर सब जगह है इसलिए ईश्वर को अनुभव करना आना चाहिए। खुशी के लिए काम करोगे तो खुशी नहीं मिलेगी। खुश होकर काम करोगे तो खुशी मिलेंगी।

### खुशी के सात सूत्रों को जानने वाला कभी नहीं होता निराश

आचार्यों ने बताया कि खुशी के सात सूत्र हैं, इसे जानने वाला कभी निराश नहीं होता। अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। बुराई को प्रेम से खत्म किया जा सकता है। बुराई को बुराई से कभी खत्म नहीं कर सकते हैं। खुशी के लिए, भूतकाल और भविष्य की चिंता नहीं करनी चाहिए। दूसरों की निंदा और शिकायत कभी नहीं करनी चाहिए। अपनी तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए,, जो चीज बदली नहीं जा सकती, उसे स्वीकार करना चाहिए। स्वयं को बदलने से दुनिया बदल जाती है। दृष्टिकोण में संतोषरखिए। खुशियां बांटने से बढ़ती हैं,दूसरों को भी खुशियां देनी चाहिए।



## धर्म लाइव

# हनुमान नगर में भी गुरुकुल, दी जाएगी सनातन धर्म की शिक्षा





**दुर्ग।** दुर्ग क्षेत्र में दो वर्षों से प्रारंभ गुरुकुल में लगभग 800 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुकुल की चौथी शाखा हनुमान मंदिर हनुमान नगर में प्रारंभ हुई। प्रथम दिन हनुमान नगर एवं आसपास के लगभग 450 बच्चों ने सनातन धर्म, संस्कृति वेद ,शास्त्र, योग, ध्यान, अध्यात्म, विज्ञान, जन्मदिन संस्कार के साथ-साथ खेल-खेल में बहुत से संस्कारों को जाना। इस कार्य को देखकर बच्चों के अभिभावकों ने गुरुकुल की बहुत प्रशंसा की एवं और भी शाखाएं खोलने की आशा की। ताकि बच्चे जो देश का भविष्य हैं, वो मजबूत हों। इस अवसर पर गुरुकुल परिवार एवं दुर्ग शहर से काफी संख्या में गण मन नागरिक उपस्थित हुए। इसमें प्रमुख रूप से गुरुकुल के प्रभारी आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण, मेघा राठी, पूनम यादव, चतुर्भुज राठी, अनुज अग्रवाल, पार्षद अरुण सिंह, सुकृति ठाकुर, अनिल अग्रवाल, पंकज साहू, काकुली, विनीत गुप्ता, नरसिंह ठाकुर, भूमिना, राधारानी, स्वीटी, अनूप सहित अन्य मौजूद थे।

- पार्षद अरुण सिंह, चतुर्भुज राठी सहित अन्य समाजसेवी आयोजन में हुए शामिल

## कलेक्टर को दी जानकारी

# शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चलाया जागरुकता अभियान



**भिलाई।** लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ में साक्षर नहीं, शिक्षित छत्तीसगढ़ विकसित अभियान चलाया गया। 45 दिनों तक चले इसस अभियान में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी इलाकों में शिक्षा के महत्व और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाई गई। फाउंडेशन के डायरेक्टर बी. चिनना राव, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अरुण कुमार निषाद, चीफ सेक्रेटरी अजय सिंह, क्षेत्रीय प्रमुख कार्यक्रम सोनेन्द्र साहू और शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं की समर्पित टीम शामिल थी। सभी ने मिलकर शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा प्रभाव डाला।

टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीण परिवारों और मजदूर समुदायों से संवाद किया। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देने और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में जागरूक किया। रिसर्च टीम और शिक्षकों ने बच्चों की शिक्षा और मानसिक विकास पर गहन चर्चा की। मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा मानते हुए इस पर जरूरी कदम उठाने की अपील की। शिक्षकों और शोधकर्ताओं की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की कमी पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने पाया कि इन स्कूलों की कमी बच्चों के आत्मविश्वास और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को प्रभावित कर रही है। शिक्षकों ने बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित कीं, जिसमें क्रिएटिव लर्निंग एक्टिविटीज, बेसिक इंग्लिश स्किल्स, और मनोरंजक सत्र शामिल थे। इसके साथ ही, बच्चों को छोटे-छोटे गिफ्ट और प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। बी. चिनना राव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में एक आवासीय स्कूल की स्थापना का वादा किया, जिसमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। डायरेक्टर बी. मरिअन्ना ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद से मुलाकात की। विस्तृत रिपोर्ट सौंपकर भविष्य में शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर किए जाने वाले कामों की जानकारी दी।


**लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के सर्वांगिण विकास पर किया जा रहा काम**

# फुटबॉल लीग में रामा रायपुर ने रोवर्स भिलाई को 3-1 से हराया



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ स्टेट मेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत शुक्रवार को पंत स्टेडियम में फुटबॉल मैच खेला गया। मैच रोवर्स एफसी भिलाई एवं रामा एफसी रायपुर के मध्य खेला गया। इसमें रामा एफसी रायपुर ने 3-1 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ विभिन्न जिलों से 8 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में रोवर्स एफसी दुर्ग, दुर्ग हीरोज़, शेरा एफसी रायपुर, एटीके चैंपियन एफसी रायपुर, रामा एफसी रायपुर, आरकेएम एफए नारायणपुर, एनएफसी बचेली दंतेवाड़ा और एसईसीआर बिलासपुर की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता होम अवे सिस्टम पर खेली जा रही है, जो कि भिलाई, रायपुर, नारायणपुर, बिलासपुर और दंतेवाड़ा में खेली जाएंगी।

## ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि आज



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56 वीं पुण्यतिथि विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसे लेकर 18 जनवरी को विश्व के पाचों महाद्वीपों में 140 देशों में विस्तृत साढे आठ हजार से भी अधिक सेवाकेन्द्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें ब्रह्मा वत्स ब्रह्ममुहर्त प्रातः काल से ही संगठित रूप से मौन में रह राजयोग मेडिटेशन द्वारा विश्व में शाति के गहन प्रकम्पन फैलाएंगे।आत्मचिंतन कर राजयोग की गहन साधना द्वारा स्वयं में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। वतन मेरा घर नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शिल्प घोडेस्वार रहे प्रथम



**भिलाई।** स्व. नंदलाल यादव स्मृति में राज्यस्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन भवन टाटीबंध में किया गया। इसमें आयु वर्ग 13 वर्ष में भिलाई के शिल्प कुमार घोडेस्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर इशिका मडके रहीं। शिल्प कुमार घोडेस्वार डीपीएस. रिसाली में कक्षा 5 और ईशिका भड़कें कक्षा 6 की छात्रा हैं। दोनों की जीत पर परिजनों और रिश्तेदारों ने बधाई दी है।

## संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में क्रिकेट टूर्नामेंट रुंगटा प्रीमियम लीग 3.0

# प्रीमियर लीग 3.0 की विजेता बनी सरस्वती विहार की टीम, रोमांचक मुकाबले में सेजस उतई को हराया

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा राज्य स्तर पर स्कूल के छात्रों के लिए रुंगटा प्रीमियर लीग 3.0 के अंतर्गत जिला स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट (डे-नाईट) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 40 टीमों ने हिस्सा लिया। डीऐवी हुडको, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, माइलस्टोन अकादमी, मैत्री विद्या निकेतन, डीपीएस दुर्ग, शकुंतला विद्यालय रामनगर, शंकराचार्य विद्यालय, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर, कृष्ण पब्लिक स्कूल सूंदर नगर, कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल राम नगर, महावीर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल, दुर्ग, भिलाई पब्लिक स्कूल, रिसाली, नीरज पब्लिक स्कूल, दुर्ग, महात्मागाँधी हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग, दीप शिखा हायर सेकेंडरी स्कूल उतई, सरस्वती विहार इंग्लिश मिडियम स्कूल भिलाई, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल छावनी, मारवाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल, दुर्ग, राष्ट्रीय हायर सेकेंडरी स्कूल कैम्प-2, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, जामुल, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, दीपक नगर, स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उतई, राधना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल भिलाई शामिल हुए। इस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन एवं ट्राफी का अनावरण चेयरमैन संजय रुंगटा ने किया।

### विजेता टीम को 11 हजार का पुरस्कार



डायरेक्टर साकेत रुंगटा ने विजेता टीम को आरपीएल विजेता ट्राफी, 11000 रुपए की नगद राशि एवं प्रत्येक खिलाडी को 5100 रुपए की छात्रवृति एवं उपविजेता टीम को आरपीएल उपविजेता ट्राफी 5100 रुपए की नगद राशि एवं प्रत्येक खिलाड़ी को 3100 रुपए की छात्रवृति प्रदान करते हुए दोनों टीम की प्रशंसा की। साकेत रुंगटा ने अभिषेक अवस्थी को मैन ऑफ दी सीरीज की ट्राफी 2100 रुपए की नगद राशि देकर समानित किया।

### सरस्वती विहार ने 10 ओवर के मैच में जीता फाइनल मुकाबला


रुंगटा प्रीमियर लीग के 10 ओवर का फाइनल मैच, सरस्वती विहार इंग्लिश मिडियम स्कूल भिलाई एवम स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उतई के मध्य खेला गया। सरस्वती विहार इंग्लिश मिडियम स्कूल भिलाई ने रुंगटा प्रीमियर लीग के विजेता का स्थान अर्जित किया। फाइनल मैच के दौरान सरस्वती विहार के आशीष पांडेय ने मैन ऑफ द मैच और अभिषेक अवस्थी ने मैन ऑफ दी सीरीज का ख़िताब अर्जित किया। सरस्वती विहार की प्रिंसिपल मिथु चंदा एवं वाईस प्रिंसिपल सुखविंदर कौर इस दौरान मौजूद थीं। उन्होंने संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के चेयरमैन संजय रुंगटा का आभार व्यक्त किया। इस तरह के स्कूल के छात्रों के लिए किये गए भव्य आयोजन की सराहना की।

### क्रिकेट युवाओं की पहली पसंद, नई प्रतिभा को मौका

संजय रूंगटा जी ने कहा क्रिकेट आज के युवा की खेल में पहली पसंद है और इस प्रकार के टूर्नामेंट के आयोजन से ही स्कूल स्तर पर नई प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलेगा। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा खेल भावना को सर्वपरि रखकर खेलना चाहिए। हार से सीखना चाहिए। खेल हमें लड़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हार से निराश नहीं होना चाहिए, इससे अपने मनोबल को और मजबूत कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जनरल मैनेजर अभिषेक सोनी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन लोकेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूली खेलों में छत्तीसगढ़ की बालक स्क्वैश टीम सेमीफाइनल में पहुंची



**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 17 से 19 जनवरी तक दिल्ली के के आर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में जारी 68 वीं स्कूल राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के बालक अंडर 19 वर्ग ने सेमी फाइनल में जगह बना ली है।सेमी फाइनल में छत्तीसगढ़ का सामना तमिलनाडु से होगा। पहले राउंड में छत्तीसगढ़ की टीम ने असम को 2-0 (11-6, 11-8, व 11-8, 11-7) से हराया 1 क्वार्टर फाइनल में गुजरात की टीम को 2-0 (11-7, 11-9 व 11-8, 11-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम छत्तीसगढ़ में यश सोनवानी, मलय राठौड़, जीत पारेख और अर्सलान शेख शामिल हैं। दिल्ली से टीम मैनेजर गजेंद्र साहू व कोच बुद्धेश्वरी साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी खिलाड़ी रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्क्वैश एसोसिएशन द्वारा संचालित स्क्वैश कॉम्प्लेक्स नगर निगम, बुढ़ापारा में अभ्यास करते है। खिलाडियों की इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ में स्क्वैश के जनक डॉ विष्णु कुमार श्रीवास्तव, रायपुर डिस्ट्रिक स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, जे डी रायपुर राकेश पाण्डेय सहयक संचालक अनिल मिश्रा, डी एस ओ आई पी वर्मा संदीप गोविलकर प्रकाश कश्यप, राहुल साहू ने बधाई दी और सेमी फाइनल मैच के लिए खिलाडियों क़ो इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### राष्ट्रीय व अंतरराज्यीय मुकाबले में उतरेंगे छत्तीसगढ़ टेटे खिलाड़ी




**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ द्वारा सूरत में 19 से 26 जनवरी तक 86वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 आयोजित की जा रही है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने छत्तीसगढ़ राज्य के सीनियर (पुरूष एवं महिला) टीम की घोषणा की है। इस अवसर पर कनाडा के मास्टर्स बैडमिंटन खिलाड़ी एवं राज्य के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल ताम्रकार, संघ पदाधिकारी विनय बैसवाड़े सहित सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि सीनियर (पुरुष एवं महिला) टीम शुक्रवार को रवाना हुयी। टीम के कोच पीएन मजुमदार (रायपुर) एवं मैनेजर श्रीमती गीतांजली पाठक (दुर्ग) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे (रायपुर) को चुना गया है। छत्तीसगढ़ टीम में सीनियर पुरुष में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), प्रणय चौहान (रायपुर), अरिंदम देबनाथ (रायपुर), सागर घाटगे- कप्तान (रायपुर), राजीव साहू (रायपुर) सीनियर महिला में सुष्मिता सोम -कप्तान (बिलासपुर), प्रज्ञा पाठक (दुर्ग), सुरभि मोदी (रायपुर), लावण्या पांडे (रायपुर) और दीप्ति मंडावी (कोंडागांव) शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

### छत्तीसगढ़ बालक-बालिका बेसबॉल टीम ने फाइनल में जगह बनाई




**रायपुर।** नांदेड़ महाराष्ट्र में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में बेसबॉल 19 वर्ष छत्तीसगढ़ की बालक बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। छत्तीसगढ़ की टीम के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ बालक टीम का क्वार्टर फाइनल मैच सीबीएसई से हुआ। जिसमें एक तरफा बढ़त बनाते हुए छत्तीसगढ़ बालक की टीम ने 12-00 से यह मैच जीत लिया जिसमें पवन देवांगन, हिमांशु देवांगन, प्रांशु निर्मलकर और रति संदीप वर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 2-2 रन बनाए। वहीं बालिका टीम ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में हरियाणा को 09-03 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। जिसमें अनसुईया, समरी, हर्षिता महोबिया और पायल साखरे ने अपनी टीम के लिए रन बनाएं।

छत्तीसगढ़ बालक टीम का सेमी फाइनल मुकाबला केरल से हुआ बहुत ही रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने 2-1 से पराजित करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। जिसमें टीम के लिए संदीप वर्मा ने शानदार पीचिंग किया। वहीं बालिका टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब टीम को 03/00 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। टीम के कोच मैनेजर मृत्युंजय शर्मा, अख्तर खान, नेहा यादव और अंजलि खलखो है। प्रदेश के सहायक संचालक अनिल मिश्रा, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, जिला क्रीड़ा अधिकारी अवधराम चंद्राकर, मुकेश कश्यप, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहिरे और योगेंद्र यादव ने टीम के उत्तरोत्तर प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

### 40 की उम्र के बाद आंखों पर देना चाहिए विशेष ध्यान

# एक उम्र के बाद अपनी आंखों पर दीजिए ज्यादा ध्यान, तकलीफों को बिल्कुल भी अनदेखा न करें

आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के नजारे ले पाते हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर 40 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अब कम उम्र के लोगों में भी आंखों की समस्याएं बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चों में कम दिखाई देने, रोशनी की कमी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके कारण कम उम्र में ही चश्मा लग जा रहा है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। विशेषतौर पर 40 की उम्र के बाद आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण आंखों से संबंधित दिक्कतें बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। धूम्रपान, स्क्रीन के अधिक इस्तेमाल जैसी गड़बड़ आदतों के कारण आंखों पर अतिरिक्त तनाव बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी कम उम्र से ही आंखों की देखभाल करते रहें। आइए कुछ उपायों के बारे में जानते हैं जिनका पालन करके आप आंखों की रोशनी को ठीक बनाए रख सकते हैं। 40 की उम्र के बाद इन उपायों पर ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है।



### कम उम्र से ही पौष्टिक आहार पर दें ध्यान

पौष्टिक आहार संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी हैं। आंखों की रोशनी को भी बेहतर बनाए रखने, रेटिना और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का जरूर शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा आहार जो विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हों, आंखों को स्वास्थ रखने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, बादाम, अंडे के साथ खट्टे फलों को आहार का हिस्सा बनाकर आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

### कम करें स्क्रीन टाइम



स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाला समय। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि आपका स्क्रीन टाइम जितना अधिक होगा, आंखों के लिए उतनी समस्याएं हो सकती हैं। हमारी आंखों में आंसू के रूप में नमी होती है। ये आंसू की फिल्म पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स और प्रोटीन और एंजाइम से बनी होती है। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण समय के साथ आंसू सूखने लगते हैं, हमारी आंखें शुष्क होती जाती हैं।आंखों में नमी कम होने से दर्द, लालिमा, रगड़ बढ़ जाती है जिससे आंखों की नाजुक त्वचा को क्षति पहुंच सकती है।

### आंखों का व्यायाम जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह से व्यायाम जरूरी है, आंखों के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। आंखों के व्यायाम के लिए हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत बनाएं। आंखों को थोड़ी-थोड़ी देर पर बंद करके क्लाक और एंटीक्लाक वाइज घुमाएं। आंखों की मांसपेशियों को मजबूत रखने, रक्त का संचार बढ़ाने में कुछ योग के अभ्यास को काफी लाभकारी पाया गया है।

### नियमित जांच जरूरी



उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है, पर इसकी शुरुआत काफी पहले से ही हो जाती है। हमें इसका पता तब चल पाता है जब समस्या काफी बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से आंखों की जांच कराई जाए। आंखों की कई ऐसी बीमारियां हैं जो बिना किसी लक्षण के लंबे समय तक बनी रहती हैं और अंदर ही अंदर क्षति पहुंचाती रहती हैं इसलिए वार्षिक नेत्र जांच कराना महत्वपूर्ण है।



### एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है शानदार खेल, विभिन्न शहरों में हो रहे मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से जारी है। टूर्नामेंट में अब तीसरे राउंड के चार मैच (15 जनवरी से 18 जनवरी तक) खेले जा रहे हैं। जिसमें शुक्रवार को तीसरे दिन धमतरी, कांकेर, भिलाई और दल्ली राजहरा में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।

#### भिलाई की महासमुंद पर एक पारी 122 रन से जीत

भिलाई बनाम महासमुंद में ग्रुप ए का पांचवा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं महासमुंद के मध्य धमतरी में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 70।1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। महासमुंद की ओर से यशस्वी साहु ने सर्वाधिक 39 रन तथा श्रेयांश ने 20 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 5 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 4 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 121.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 421 रन बनाये। भिलाई की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 101 रन, यथार्थ सिंह चौहान ने नाबाद 81 रन तथा इशांत राव ने 58 रन बनाये। वहीं महासमुंद की ओर से आयुष द्विवेदी ने 3 विकेट तथा समरेश जोशी ने 2 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 49.4 ओवरों में 10 विकेट पर 137 रन ही बनाये। महासमुंद की ओर से आदित्य कुमार ने 38 रन तथा अनमोल द्विवेदी ने 31 रन बनाये। भिलाई की ओर से रुद्र नारायण वर्मा ने 4 विकेट तथा यथार्थ सिंह चौहान ने 3 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने मैच एक पारी तथा 122 रनों से जीत लिया।

#### रायपुर की एक पारी 293 रनों से कांकेर पर जीत

ग्रुप ए का छठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लु एवं रायपुर के मध्य कांकेर में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 166.2 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 508 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। रायपुर की ओर से कृष्णा टांक ने सर्वाधिक 240 रन नाबाद, फैज खान ने 67 रन तथा वेदांश खेड़िया ने 43 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी तथा आर्यन जायसवाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 53.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 132 रन बनायें। बिलासपुर ब्लू की ओर से धनंजय नायक ने 40 रन तथा अनुज चंद्रा ने 28 रन बनाये। रायपुर की ओर से फैज खान ने 4 विकेट, शिवम सिंह तथा आदित्य अग्रवाल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 41.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 83 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से आकाशदीप सिंह ने 24 रन तथा आदित्य श्रीवास्तव ने 19 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से फैज खान, वेदांत जैन तथा आदित्य अग्रवाल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने मैच एक पारी तथा 293 रनों से जीत लिया।

#### बीएसपी ने मैच 4 विकेट से जीता

ग्रुप बी का पांचवां चार दिवसीय मैच बी एस पी एवं कोरबा के मध्य सिविक सेंटर भिलाई में खेला गया। बी एस पी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कोरबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 22.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 59 रन बनाये। कोरबा की ओर से अनुभव ने सर्वाधिक 10 रन बनाये। वहीं बी एस पी की ओर से अभ्युदय सिंह ने 5 विकेट, भविष्य तथा विधान जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बी एस पी ने अपनी पहली पारी में 47 ओवरों में 10 विकेट खोकर 231 रन बनाये। बी एस पी की ओर से नितांत सिंह ने सर्वाधिक 64 रन तथा मयंक साहू ने 42 रनों का योगदान दिया। कोरबा की ओर से अर्मत्य पटेल ने 6 विकेट तथा अनुज शर्मा ने 4 विकेट प्राप्त किये। कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में 94।2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 312 रन बनाये। कोरबा की ओर से पवित्रम नायक ने सर्वाधिक 121 रन तथा अर्मत्य पटेल ने 42 रनों का योगदान दिया। बी एस पी की ओर से सौरभ, नितांत, भविष्य तथा विधान जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

## देशभर के आर्किटेक्टों के बीच क्रिकेट बैडमिंटन में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के तहत शुक्रवार को अलग-अलग ग्राउंड में क्रिकेट, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस के कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। शनिवार को लीग के बचे हुए मुकाबले के साथ क्वार्टर फाइनल मैच भी होंगे।

- आज भी खेले जाएंगे लीग के मैच, क्वार्टर फाइनल भी होगा

शुक्रवार को रियाज अकादमी के सेरीखेड़ी स्थित ग्राउंड में खेले गए पुरुषों के क्रिकेट मैचों में पहला मैच केरला टस्कर्स और तमिलनाडु बुल्स के बीच खेला गया। इसमें तमिलनाडु ने 25 रनों से जीत हासिल की। जुफर मोहम्मद मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे रोमांचक मैच में कलिंगा वारियर्स ओडिशा ने शेरे पंजाब को 4 रनों से हराया। मनीष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच केरला टस्कर्स के नाम रहा। केरल ने शेरे पंजाब को 5 विकेट से हराया। शब्बीर मैन ऑफ द मैच बने। चौथा मुकाबला तमिलनाडु ने कलिंगा वॉरियर्स को 22 रनों से हराकर जीता। सूर्या को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसी मैदान में शनिवार को लीग के दो मैच तथा दूसरा हॉफ में इस पुल का क्वार्टर फाइनल मैच होगा।

इसी तरह सीएससीएस ग्राउंड में 5 मैच खेले गए। पहला मैच महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले में महाराष्ट्र की जीत हुई। दूसरे मैच में एमपी टाइगर ने बिहार बुलेट्स को पराजित किया। तीसरे मैच में महाराष्ट्र लीजेंड ने यूपी सुपर ज्वाइंट्स तथा चौथे मैच में छत्तीसगढ़ बुल्स ने एकतरफा मैच में बिहार बुलेट्स का हराया। वहीं पांचवे मैच में यूपी ने एमपी को रोमांचक मैच में परास्त किया। एक अन्य ग्राउंड में खेले गए मैच में एमपी ने आईआईए को हराया। अनंत मिश्रा मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में झारखंड ने जम्मू-कश्मीर, तीसरे में एमपी ने राजस्थान, चौथे मुकाबले में आईआईए अध्यक्ष इलेवन ने झारखंड तथा पांचवें मैच में राजस्थान ने जम्मू-कश्मीर को पराजित किया। इन मैचों के श्रेष्ठ खिलाड़ी अभिषेक गौरव, अनंत मिश्रा, प्रीतिश भोसले एवं आयुष भारद्वाज चुने गए। इसके अलावा मोवा स्थित एरीना स्पोर्ट्स क्लब में बैडमिंटन ग्राउंड में महिला व पुरुष बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस के मैच खेले गए।

## ठंड में जरूर पिएं लेमन टी, होंगे ये फायदे



चाय के शौकीन हैं तो सर्दियों में नींबू वाली चाय का सेवन करें, इससे आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंच सकता है। चाय हम सभी की पसंदीदा ड्रिंक होती है। दिन की शुरुआत चाय के साथ ही होती है। कुछ चाय के शौकीन तो ऐसे होते हैं जो दिन भर में कई बार पी ही लेते हैं। सर्दियों में इसका सेवन और भी ज्यादा बढ़ जाता है। अगर आप भी चाय के शौकीन है तो आप दूध वाली चाय की बजाय नींबू की चाय से दिन की शुरुआत करें। यूं तो हर मौसम में लेमन टी पीने से फायदा पहुंचता है लेकिन सर्दियों में यह आपके लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है आइए जानते हैं कि आखिर ठंड में नींबू की चाय को क्यों रूटीन का हिस्सा बनना चाहिए।

### ठंड में लेमन टी पीने के फायदे

नींबू की चाय पीने से इसलिए फायदा हो सकता है, क्योंकि नींबू की चाय में विटामिन सी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी6, नियासिन, शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और आप बार-बार बीमार पड़ते हैं। ऐसे में नींबू में मौजूद विटामिन सी, आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है और इससे संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। नींबू की चाय पीने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इससे आपको फैट बर्न करने में मदद मिलती है और आप वजन गेन करने से बच जाते हैं। (मेटाबॉलिज्म कैसे बूस्ट करें) नींबू की चाय में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जिनके सेवन से आपको इंफेक्शन काम करने में मदद मिलती है।

कार्नर न्यूज

### एक्सपर्ट की सलाह आएगी आपके काम, बन जाएंगे काम

# फैसला लेने की घड़ी में घबराहट और तनाव महसूस करते हैं तो कुछ पल ठहरिए और जानिए अपनी समस्या

कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या पेश आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

सही समय पर लिया गया सही निर्णय, आपके जीवन को बेहतर दिशा देने का काम करता है। इसलिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही गलत के बीच चुनाव के साथ ही तुरंत निर्णय लेने की कुशलता जरूरी है। पर कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, निर्णय लेने के वक्त होने वाले तनाव और थकान को मनोचिकित्सा की दुनिया में फैसले की थकान के नाम से जानते हैं। इस बारे में जानी मानी मनोचिकित्सक और लाइफ कोच डॉ. चांदनी तुगनैत से जानते हैं।



### कैसे पहचाने निर्णय लेने में तनाव की समस्या को

डॉ. चांदनी तुगनैत बताती हैं कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जहां आज निर्णय लेने की क्षमता का महत्व काफी बढ़ चुका है, वहीं बहुत सारे लोग निर्णय लेने के कौशल से अंजान हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए सही निर्णय लेना काफी मुश्किल हो जाता है और अक्सर ऐसे लोग निर्णय लेते वक्त तनाव और मानसिक अवसाद का शिकार बन जाते हैं। बात करें लक्षणों की तो ऐसी स्थिति में लोगों को तेज तनाव, बेवजह गुस्सा आना, उदासी या मानसिक थकान महसूस हो सकता है।

### क्यों होती है निर्णय लेने में तनाव की समस्या

बात करें इसकी वजह की तो काम का अधिक तनाव और समय की कमी के कारण निर्णय लेने में समस्या आती है। आजकल लोगों के पास एक से अधिक जिम्मेदारियां होती हैं और उन सबको निभाते वक्त कई बार निर्णय लेने की प्रकिया गुजरना होता है। ऐसे में बार-बार निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यक्ति को इसके प्रति उदासीन बनाने के साथ-साथ तनाव का भी कारण देती है। जितना अधिक लोगों के पास निर्णय लेने का लक्ष्य बढ़ता जाता है, तनाव के चलते उनके निर्णय की गुणवत्ता उतनी ही घटती जाती है।




### कैसे निपटें निर्णय लेने में तनाव की समस्या से

बात की जाए इस समस्या के निजात की तो इस बारे में हमारी एक्सपर्ट डॉ. चांदनी तुगनैत का कहना है कि निर्णय लेने में तनाव की समस्या से बचने के लिए आपको निर्णय लेने के कौशल को हासिल करना होगा। इसके लिए आपके उन व्यवहारिक तरीकों को अपनाना होगा, जिनसे आप निर्णय लेने में महारत हासिल कर सकें। चलिए अब उन व्यवहारिक तरीकों और रणनीतियों के बारे में बात कर लेते हैं, जो आपको निर्णय लेने में कुशल बना सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## जारी हुआ 'अनटिल डान' का पहला लुक, हॉरर -सस्पेंस से भरी है कहानी



सोनी पिक्चर इंडिया की आगामी हॉरर थ्रिलर फिल्म अनटिल डान का पहला लुक सामने आ गया है। फिल्म का निर्देशन डेविड एफ. सैंडबर्ग ने किया है। फिल्म प्लेस्टेशन स्टूडियो वीडियो गेम पर आधारित है। फिल्म इस साल ही बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की पहली झलक में बहुत सारे डरावने और थ्रिलर से भरे मोड़ देखने को मिलने वाले हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने कहा कि यह एक कहानी है जो समय के चक्र पर आधारित है। फिल्म 'अनटिल डान' को हॉरर थ्रिलर के थीम पर बनाया गया है। यह फिल्म भारत में 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। यह कहानी है, एक अजीब से चक्रव्यूह में फंसी क्लोवर और उसके दोस्तों की। जो अपनी बहन की मौत के रहस्य को सुझलाने के लिए एक ऐसी जगह पर चले जाते हैं, जहां उन्हें खुद ही जीवित रहने की बात पर संदेह होने लगता है। ये कहानी एक रात की है, जहां क्लोवर और उसके दोस्तों के लिए रात बहुत कठिन बीतती है। इस फिल्म में कई शानदार किरदार शामिल हैं। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एजियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर शामिल हैं। फिल्म 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। अनटिल डान एक अमेरिकी हॉरर फिल्म है। यह 2015 में रिलीज हुए वीडियो गेम के लाइव-एक्शन का रूपांतरण है। यह फिल्म 25 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## 'घाटी' में दिखेगी अनुष्का और विक्रम की जोड़ी, रिलीज होगी अप्रैल में



अनुष्का शेट्टी अपने बागी तेवर के साथ फिल्म 'घाटी' में नजर आने वाली हैं। फिल्म की रिलीज डेट से अब पर्दा उठ चुका है। बाहुबली की 'देवसेना' यानी अनुष्का शेट्टी फिल्म 'घाटी' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के टीजर में अनुष्का के बागी तेवर साफ देखने को मिले थे। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। कृष जागरलामुडी की निर्देशित फिल्म 'घाटी' की रिलीज डेट सामने आ गई है। 'द क्वीन' यानी रानी की कहानी घाटी सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने पोस्ट पर लिखा कि 'घाटी' की रानी की आंखों में 'आग' और 'रोष' की कहानी है। घाटी फिल्म का निर्देशन कृष जागरलामुडी ने किया है। 'घाटी' को संगीत आदित्य म्यूजिक ने दिया है। घाटी के टीजर में अनुष्का शेट्टी के तेवर फैंस को बेहद पसंद आए। इससे पहले वे बाहुबली फिल्म में अपने किरदार के कारण काफी चर्चा में रही थीं। अनुष्का के साथ इस फिल्म में विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे। अनुष्का शेट्टी और विक्रम प्रभु इससे पहले फिल्म 'वेदुम' में साथ काम कर चुके हैं। यह यूवी क्रिएशन के साथ अनुष्का की चौथी फिल्म भी है। इससे पहले 'अनुष्का अरुंधति', 'बिल्ला', 'मिस शेट्टी मिस्टर पुलि शेट्टी', 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

### भोजपुरी

## रवि किशन विदेश में बिता रहे हैं सुकून भरे पल, यूजर्स ने की खिंचाई



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर और बीजेपी सांसद रवि किशन अक्सर चर्चा में रहते हैं। कभी अपने काम के कारण तो कभी किसी विवाद की वजह से। वो सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और अपनी एक्टिविटी के बारे में फैंस को बताते रहते हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिनमें बैकग्राउंड देखकर साफ पता चलता है कि वो विदेश में हैं। लेकिन कुछ यूजर्स को ये रास नहीं आ रहा है। उन्होंने प्रयागराज में शुरू हुए महाकुंभ 2025 का हवाला देते हुए कहा कि वो इस वक्त देश से बाहर कैसे हो सकते हैं! रवि किशन ने करीब एक घंटे पहले इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा- गुड डे। वो विदेशी धरती पर घूम-टहल रहे हैं। क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं और प्रकृति की खूबसूरती के बीच सुकून के पल बिता रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी पोस्ट में लोकेशन का जिक्र नहीं किया है और ये तस्वीरें नई हैं या फिर पुरानी, इसकी भी पुष्टि नहीं है। रवि किशन के पोस्ट पर फैन प्यार बरास रहे हैं। एक ने लिखा- लंदन वाइब्स। यानी वो इस वक्त लंदन में हैं। बहुत सारे फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, लेकिन कुछ यूजर्स मुंह बिचका रहे हैं कि उन्हें महाकुंभ के वक्त अपने देश में, प्रयागराज में होना चाहिए था। रवि किशन का पूरा नाम रविंदर किशन शुक्ला है। वो एक्टर, प्रोड्यूसर, टीवी पर्सनैलिटी और पॉलिटिशियन हैं। उन्होंने भोजपुरी के अलावा हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम किया है। कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी एक्टिंग की है। वो रियलिटी शो 'बिग बॉस' में नजर आ चुके हैं और 'झलक दिखला जा 5' में भी पार्टिसिपेट कर चुके हैं।

---

लाइफ स्टाइल



देसी जलवा

> लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई हाल ही में हुआ है। इस बहुचर्चित फैशन वीक के शीर्ष ट्रेंड सुर्खियों में रहे। दर्शकों को रनवे पर कुछ बहुत ही शानदार हेयरस्टाइल देखने को मिले, जिसमें ढेरों हेयर एक्सेसरीज़ भी थीं। यहां बालों को फूलों, रिबन, हेडगियर, कैप, स्कार्फ़ और यहाँ तक कि ब्रोच जैसी दिखने वाली एसेसरीज से सजा हुआ देख दर्शकों ने भी भरपूर तारीफ की। मेंस फैशन का अपना अलग अंदाज रहा।

## वैक्सिंग से पहले पुरुष जरूर ध्यान दें इन टिप्स पर

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है।

आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है।

यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें।

रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं।

आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।



हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें। अगर कोई एलर्जी है, तो बालों को हटाने के इस तरीके से बचें और दूसरा विकल्प चुनें।

अपनी बॉडी पर किसी भी प्रकार का वैक्स का उपयोग न करें। एक हाई क्वालिटी वाला वैक्स चुनें। वैक्स के कई अलग-अलग प्रकार होते हैं। आप सुनिश्चित करें कि आपने सही वैक्स चुना है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितने बालों वाले हैं।

## मेंस ज्वेलरी सिर्फ शौकिया नहीं पहनने के दौरान बचें गलतियों से



फैशन





आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी।

लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ।

ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें।

आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो। क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं। इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा। हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा।

## हाथों की उंगलियां हैं छोटी तो मेहंदी के ये डिज़ाइन करें ट्राई



हर छोटे-बड़े फंक्शन पर हाथों पर मेहंदी लगाई जाती है। इसे हाथों पर लगाना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं हाथों पर किसी भी प्रकार की मेहंदी लगाने से पहले आपको हाथों के आकार को समझना बेहद जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार बनाया गया डिजाइन आपके हाथों पर खूबसूरत लुक नहीं दे पाता है।

खासकर हाथों की छोटी उंगलियां छोटी होने पर हमें डिजाइन चुनने में परेशानी होती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मेहंदी के कुछ डिजाइन ज खासकर हाथों की छोटी उंगलियों के लिए खास हैं।

मिनिमल और मॉडर्न लुक वाली मेहंदी का डिजाइन हाथों में बनाना चाहती हैं तो इस तरह से केवल रिंग फिंगर में आप बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। इस तरह का डिजाइन खासकर छोटे हाथों पर खूबसूरत नजर आता है। आप चाहे तो एक से ज्यादा उंगलियों पर भी इस तरह से मेह्नी को लगा सकती हैं। अगर आप खुद मेहंदी लगाना अच्छे तरीके से जानते हैं तो इस तरह की तस्वीर आप अपने हाथों पर बना सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में खासकर हल्के हाथों के दबाव से शेडिंग की जाती है। साथ ही इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आपको काफी बारीकी से डिजाइन को समझना बेहद जरूरी होता है। अगर आप मिनिमल डिजाइन की मेहंदी हाथों की उंगलियों पर लगाना चाहती हैं तो इस तरह का रिंग मेहंदी डिजाइन आपके हाथों पर बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप बारीक साज वाली रिंग मेहंदी के पैटर्न को ही चुनें।

वहीं अगर आप मॉडर्न डिजाइन वाली मेहंदी को करवाचौथ के लिए हाथों लगाने का सोच रही हैं तो इस तरीके से हाथों की हर उंगली के साइड पर इस तरह से छोटे साइज की पत्तियां बना सकती हैं।

## किसी भी मौके पर रीक्रिएट कर सकती हैं सेलेब्रिटीज के ये व्हाइट साड़ी लुक्स



साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है और इसे स्टाइलिश लुक देने के कई तरीके भी होते हैं। वहीं बदलते दौर में आजकल किसी भी लुक को खास बनाने के लिए इसकी स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करनी चाहिए ताकि आप तैयार होने के बाद खूबसूरत नजर आए। सेलिब्रिटीज व्हाइट कलर की साड़ी लुक्स को काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं व्हाइट कलर के साड़ी के कुछ खास सेलिब्रिटीज लुक्स जिन्हें आप भी कर सकती हैं आसानी से रीक्रिएट। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### व्हाइट साटन साड़ी डिजाइन

साटन साड़ी ग्लैमरस लुक देने में मदद करती है। इस तरह की साड़ी प्लेन साड़ी में आप सिल्वर कलर की बॉर्डर की तरह लेस भी लगवा सकती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है।

### हैंडलूम व्हाइट साड़ी

ट्रेडिशनल वाइब देती यह साड़ी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई है। गोल्डन कलर के बॉर्डर वर्क और पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन के डिजाइन वाली यह साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही मेकअप के लिए ग्लिटरी और सटल आई मेकअप चुनें।

सी थ्रू साड़ी में के अंदर आप कोशिश करें कि पेटीकोट के लिए मैचिंग कपड़ा ही खरीदें और इसे अपनी बॉडी शेप के हिसाब से ही बनवाएं।

---

कार्नर न्यूज

फैशन की नई तकनीक निखार रही है खूबसूरती

## अब दौर है मेडिफेशियल से अपनी स्किन को चमकाने का, अपनाने से पहले जान लें सब कुछ

मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।

### आम फेशियल से कितना अलग

सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।



### साइड इफेक्ट नहीं

मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

### कई समस्याओं में कारगर

मेडी फेशियल ड्राई और लूज स्किन जैसी कई समस्याओं के उपचार में कारगर है। इसे कराने से त्वचा जवान, चमकदार, मुलायम और कोमल हो जाती है। यह तनाव कम करने में भी सहायक है।



### त्वचा के लिए सुरक्षित

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मीना कहती हैं, मेडी फेशियल त्वचा रोग विशेषज्ञ की देखरेख में किया जाना चाहिए। यह स्किन फ्रेंडली और लॉन्ग लास्टिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करके किया जाता है, इसलिए इसे कराने के बाद विशेषज्ञ के बताए नियमों का पालन करना भी बेहद जरूरी है। साधारण सैलून फेशियल की तुलना में मेडिकल ग्रेड फेशियल त्वचा के लिए कहीं ज्यादा फायदेमंद है। यह फेशियल हर प्रकार की त्वचा की समस्या के लिए सुरक्षित होता है।